# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

**रोहतक**

**शुक्रवार, 7 मार्च 2025**

फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष,
अष्टमी वर्ष : 29, अंक : 36
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

haribhoomi.com


**मौसम**

अधि. 30.3
न्यून. 6.6

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,340.09 | 609.86 ▲ |
| निफ्टी | 22,544.70 | 207.40 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 89,100 /- | 200/- ▼ |
| चांदी | 99,000/- | --- |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.12 | 6 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल | 69.66/ बैरल | 0.52% ▲ |

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

# प्रदेश का विस सत्र आज से, 17 को बजट पेश करेंगे सीएम सैनी

**बीएसी की बैठक में फैसला सीएम सैनी बोले-28 मार्च तक चलेगा बजट सत्र**

**स्पीकर कल्याण बोले, सभी दल तैयारी से आएं**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र 7 मार्च शुक्रवार से शुरू हो रहा है। इसे 28 मार्च तक बढ़ाया जा सकता है। होली के बाद 17 मार्च को सीएम नायब सैनी बतौर वित्त मंत्री अपना पहला बजट पेश करेंगे। इसमें प्रदेशवाशियों को बड़ी राहतें मिलने की उम्मीद है। गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में हुई बिजनेस एडवाइजरी कमेटी (बीएसी) की बैठक में यह फैसला लिया गया। प्रदेश सरकार की ओर से विस सचिवालय को भेजे गए कार्यक्रम में 25 मार्च तक बजट सत्र को संचालित करने की बात कही गई थी। बीएसी की बैठक में सत्र को बढ़ाने की मांग की गई। अब इसे 28 मार्च तक बढ़ाया जाएगा। बैठक के बाद सीएम नायब सिंह सैनी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत 7 मार्च को सुबह 11 बजे राज्यपाल के अभिभाषण से होगी। वे वित्तमंत्री के रूप में 17 मार्च को वित्तवर्ष 2025-26 का बजट पेश करेंगे और बजट सत्र 28 मार्च तक चलेगा। (पेज 2 भी देखें)



होली के पर्व को देखते हुए बजट की तिथि बदली
- सीएम सैनी बोले, सरकार अपने सभी वादे पूरे करेगी

# बजट से पहले उद्यमियों को तोहफा अब 44 दिन में मिलेगा टैक्स रिफंड

**उद्यमियों को राहत, 42 सेवाओं की सीमा तय**

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश सरकार ने बजट से पहले उद्यमियों को बड़ी राहत दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा गुरुवार को जारी अधिसूचना के तहत उद्योग और वाणिज्य विभाग की 42 सेवाओं को सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा तय की है। इन सेवाओं की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए पदनामित अधिकारी, प्रथम शिकायत निवारण प्राधिकारी और द्वितीय शिकायत निवारण प्राधिकारी भी अधिसूचित किए गए हैं। सरकार के इस फैसले के बाद अब लार्ज और मेगा यूनिट्स के लिए स्टांप ड्यूटी रिफंड स्कीम, बिजली शुल्क, ओपन एक्सेस चार्जेज छूट, रोजगार सृजन सब्सिडी, वैल्यू एडेड टैक्स, राज्य माल एवं सेवा कर पर निवेश सब्सिडी के लिए 44 दिन में मिलेगी। वहीं, उद्योगों के लिए प्रश्नों की प्राप्ति और शिकायतों के निपटान की भी समय-सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रश्न निवेशक से विवरण प्राप्त होने की तिथि से 7 दिन के अंदर एक बार में ही पूछे जाने चाहिए। सभी प्रश्नों और शिकायतों का हल निवेशक से पूरा विवरण प्राप्त होने की तिथि से 15 दिन के अंदर किया जाएगा।

### प्रदेश सरकार का अहम फैसला, इन सेवाओं में मिलेगा लाभ



- बॉयलर अधिनियम, 1923 (1923 का अधिनियम 5) के अधीन बॉयलर के पंजीकरण के लिए 22 दिन, बॉयलर पंजीकरण का नवीकरण 15 दिन और रूपांतरण के लिए अनुमोदन हेतु 10 दिन तय।
- लुब्रिकेटिंग ऑयल और ग्रीस (प्रसंस्करण, आपूर्ति और वितरण विनियमन) आदेश, 1987 के तहत प्रसंस्करण, ट्रेडिंग के लिए अंतरिम लाइसेंस, लाइसेंस, प्रसंस्करण व ट्रेडिंग नवीकरण 20 दिन में होगा।
- अब फर्म का पंजीकरण 7 दिन, भागीदारों में परिवर्तन के लिए अनुमोदन 3 दिन और पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिए अनुमोदन 3 दिन में होगा।
- सोसायटियों के नाम का अनुमोदन 3 दिन, शासकीय निकाय के लिए अनुमोदन 15 दिन, सोसाइटी के नाम या पंजीकृत कार्यालय के परिवर्तन के लिए 7 दिन, उप-नियमों में संशोधनों के लिए 60 दिन तय।
- मौजूदा सोसाइटी का पंजीकरण और कॉलेजियम की योजना का अप्रूवल 15 दिन, फर्म के नाम में परिवर्तन व फर्म का विघटन 7 दिन और हरियाणा सोसाइटी रजिस्ट्रेशन के तहत अनिवार्य वार्षिक विवरणियां 30 दिन के अंदर दायर कर सकेंगे।
- शासकीय निकाय, सामान्य निकाय की बैठकों के प्रस्ताव के लिए भी 30 दिन, कॉलेजियम के चुने गए सदस्यों की सूची 15 दिन के अंदर प्रस्तुत होगी। पंजीकृत सोसाइटी के सदस्यों का नामांकन 30 दिन में हो सकेगा।
- आईबीआर वैल्डिंग इलेक्ट्रोड के निर्माण के लिए लाइसेंस जारी करने और लाइसेंस के नवीकरण के लिए 15 दिन तय।

### बॉयलर सर्टिफिकेट एक महीने में मिलेंगे

बायलर ऑपरेशन इंजीनियर सर्टिफिकेट और बायलर अटेंडेंट सर्टिफिकेट 30 दिन के अंदर मिल सकेगा। इकॉनोमाइजर का रजिस्ट्रेशन 22 दिन के अंदर होगा। राज्य के अंदर और बाहर बॉयलर की निरीक्षण पुस्तिका तथा पंजीकरण पुस्तिका के अन्तरण ज्ञापन की अनुमति 10 दिन के अंदर मिलेगी। बायलर निर्माता इकाई तथा बायलर मरम्मतकर्ता का प्रमाण-पत्र 15 दिन के अंदर मिलेगा। बायलर मरम्मतकर्ता के प्रमाण-पत्र का नवीकरण 7 दिन के अंदर हो सकेगा। इसी प्रकार, बायलर वैल्डर प्रमाण-पत्र और इसके नवीकरण के लिए 10 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

**नूंह में पकड़े गए 34 फर्जी परीक्षार्थी मामले में खुलासा**

# सीएससी संचालक समेत छह असल परीक्षार्थी पकड़े, अभी 29 छात्र फरार

**परीक्षा देने केंद्र पर पहुंचते ही गिरफ्तार किए आरोपित**

**नूंह।** जिले के माउंट अरावली पब्लिक स्कूल, नूंह में 10वीं ओपन की परीक्षा देते समय गिरफ्तार किए गए 34 फर्जी परीक्षार्थी मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। नूंह पुलिस ने सीएससी संचालक और एक लड़की समेत 6 असली परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है। इन्होंने अपने स्थान पर फर्जी परिक्षार्थियों को पेपर में बैठाया था। वहीं सीएससी संचालक ने एडमिट कार्ड पर फोटो चेंज किया था। ये 6 परीक्षार्थी बुधवार को पेपर देने परीक्षा केंद्र पर पहुंचे तो पुलिस ने इन्हें पकड़ लिया। हालांकि इस मामले में अभी 29 असली छात्र फरार बताए जा रहे हैं। इनकी तलाश की जा रही है।



### ये आरोपित गिरफ्तार

पुलिस ने साहिल खान, मोहम्मद फैजान, आदिल, शाद के अलावा छात्रा फिरदौस सहित कुल 5 असल परीक्षार्थियों को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, सब्जी मंडी नूंह के पास सीएससी सेंटर चलाने वाले दिव्यांग हसीन निवासी मरोड़ा को भी गिरफ्तार किया गया है। सीएससी संचालक से प्रिंटर मशीन भी बरामद की गई हैं। थाना नूंह प्रभारी नरेश कुमार ने बताया कि मरोड़ा ने सीएससी सेंटर पर छात्रों ने दस्तावेजों को गलत तरीके से स्कैन कराया था। असल छात्रों की गिरफ्तारी होने के बाद पूछताछ में यह बात सामने आई है।

### इसलिए दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे

पुलिस ने पहले माउंट अरावली पब्लिक स्कूल नूंह से जो 34 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए थे, उनमें से तीन को रिमांड पर लिया हुआ था। पुलिस ने खुलासा किया था कि कोई दोस्ती, रिश्तेदारी निभाने तो कोई पैसे के लालच में फर्जी परीक्षार्थी बन पेपर देने गए थे। जांच करने के लिए एसआईटी का गठन किया था।

# महाकुंभ में हमले का तैयारी में था बब्बर खालसा का आतंकी

**वारदात के बाद पुर्तगाल भागने की फिराक में था एसटीएफ ने पकड़ा**

**कौशांबी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी में बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के आतंकी को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान लाजर मसीह के रूप में हुई है। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि लाजर महाकुंभ में ब्लास्ट को अंजाम देने की फिराक में था। इसके बाद वह पुर्तगाल भागना चाहता था। उसे बीकेआई ने हैंड ग्रेनेड मुहैया कराए थे। यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस ने गुरुवार सुबह साढ़े 3 बजे छापेमारी कर लाजर मसीह को गिरफ्तार किया। वह पंजाब में अमृतसर के कुर्लीयाना गांव का रहने वाला है। वह बीकेआई के जर्मनी-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता था। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सीधे संपर्क में भी था।

> कौशाम्बी से एसटीएफ ने किया था गिरफ्तार
> **पीलीभीत में मारे गए आतंकियों को इसी ने गोला बारूद दिया : डीजीपी**

### भारी मात्रा में हथियार मिले

पुलिस को उसके पास से 3 हैंड ग्रेनेड, 2 डेटोनेटर, 1 विदेशी पिस्तौल और 13 कारतूस मिले हैं। इसके अलावा, गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड और बिना सिम कार्ड का एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है।

# कैथल : मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में तीन के खिलाफ मामला दर्ज

**कैथल (हरिभूमि न्यूज)।** सीवन के कैनरा बैंक में चालू खाते खुलवाकर मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में तीन लोगों पर केस दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपितों ने एक ही बैंक करंट अकाउंट खुलवाकर दूसरे लोगों को दे दिए। इन खातों के जरीये एक ही दिन में 500 से अधिक ट्रांजेक्शन हुए और करोड़ों रुपये इधर-उधर किए गए। इन खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग या जुआ खेलने जैसी गतिविधियों के लिए किया गया। इस संबंध में बैंक अधिकारियों ने साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस पुलिस ने तीनों आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

> **तीनों ने एक ही बैंक में खाता खुलवाकर पैसे विदेश में भेजे**

### क्या कहती हैं बैंक मैनेजर

शिकायत में सीवन के कैनरा बैंक की ब्रांच मैनेजर ललिता आहूजा ने बताया कि अक्टूबर 2024 में बैंक की ब्रांच में पीएस पोल्ट्री फर्म के मालिक फुलू राम, मैसर्ज तेग ट्रेडर्स के मालिक तेग सिंह और एके टू एंड ट्रैवल के मालिक शुभम की ओर से बैंक में करंट अकाउंट खुलवाए गए। जांच में पता पता चला कि ये प्रयोग वित्तीय घोटाले जैसे, फिशिंग, लॉटरी धोखाधड़ी, नौकरी धोखाधड़ी, मनी लॉन्ड्रिंग, साइबर अपराध या धोखाधड़ी गतिविधियों के लिए किया है। साइबर थाना प्रभारी सुभ्रांशु ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। जल्द खुलासा होगा।

# लंदन में जयशंकर की सुरक्षा में सेंध, भारत ने जताई आपत्ति

**लंदन (भाषा)।** ब्रिटेन ने भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की सुरक्षा में सेंध को लेकर भारत की कड़ी आपत्ति के बाद ब्रिटेन ने भी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। घटना के बाद ब्रिटिश सरकार ने कहा कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की। यूके के फॉरेन ऑफिस ने धमकाने और डराने की किसी भी कोशिश को अस्वीकार्य बताया। यह घटना लंदन के चैथम हाउस के बाहर हुई थी।ब्रिटेन ने कहा कि सार्वजनिक कार्यक्रमों को 'डराने, धमकाने या बाधित करने' के ऐसे प्रयास अस्वीकार्य हैं।



**ब्रिटेन ने भी की निंदा, कहा-डराने-धमकाने की कोशिश बर्दाश्त नहीं**

### यह कहा था भारत ने

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने विदेश मंत्री की सुरक्षा में सेंध का वीडियो देखा है। हम इन अलगाववादी और उग्रवादी तत्वों की भड़काऊ गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम इस तरह के तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता के दुरुपयोग की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि मेजबान सरकार अपनी कूटनीतिक जिम्मेदारियों को पूरी तरह निभाएगी।

### यह था मामला

बुधवार शाम को लंदन में चैथम हाउस थिंक टैंक से जयशंकर के बाहर निकलते समय प्रदर्शनकारियों के एक छोटे समूह में शामिल एक व्यक्ति खालिस्तान समर्थक नारे लगाते हुए और अलगाववादी झंडे लहराते हुए सुरक्षा घेरा तोड़ने का प्रयास किया था। जबकि अन्य प्रदर्शनकारी भारत विरोधी नारे लगा रहे थे। पुलिस के मुताबिक अब तक इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है।

# एसडीपीआई के खिलाफ देशभर में ईडी के छापे

- एसडीपीआई के माध्यम से चल रहा पीएफआई
- आतंकी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप
- पीएफआई को 2022 में प्रतिबंधित कर चुकी केंद्र सरकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** ईडी ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के राजनीतिक संगठन 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' (एसडीपीआई) के खिलाफ धन शोधन मामले में गुरुवार को देशभर में 12 ठिकानों पर छापे मारे। एसडीपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमके फैजी को तीन मार्च को दिल्ली हवाई अड्डे से गिरफ्तार किए जाने के बाद ईडी ने यह छापेमारी की है। फैजी अभी ईडी की हिरासत में है।

### इन स्थानों पर कार्रवाई

ईडी ने दिल्ली में निजामुद्दीन स्थित एसडीपीआई मुख्यालय सहित दो स्थानों पर, केरल में तिरुवनंतपुरम और मलप्पुरम, आंध्र प्रदेश में नांदयाल, झारखंड में पाकुड़, महाराष्ट्र में ठाणे, बेंगलुरु, चेन्नई, कोलकाता, लखनऊ और जयपुर में छापेमारी की। ईडी ने फैजी (55) की गिरफ्तारी के बाद दावा किया था कि दोनों संगठनों के बीच एक 'संगठित' संबंध है।

**पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट याचिकाकर्ता को दिया था दो माह का समय**

# सुप्रीम कोर्ट सख्त, जमानत के मामलों में किसी को लंबी तारीखें न दें अदालतें

***याची को शीघ्र सुनवाई के लिए हाईकोर्ट जाने की अनुमति दी***

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एक जमानत याचिका की सुनवाई को दो माह बाद की तारीख देने पर सख्त टिप्पणी की। शीर्ष कोर्ट कहा कि अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे जमानतों से संबंधित मामलों की लंबी तारीखें दें। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उन्हें बताया गया कि पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत की याचिका पर सुनवाई की तारीख दो महीने बाद निर्धारित की है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि उन्होंने इस आधार पर अस्थायी जमानत के लिए उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था कि उनके मुवक्किल की दो साल की बेटी को तत्काल सर्जरी की जरूरत है।



### यह कहा शीर्ष कोर्ट ने

न्यायमूर्ति गवई ने पूछा, अब, इस टिप्पणी के साथ, क्या आपको लगता है कि उच्च न्यायालय इसे खारिज कर देगा? पीठ ने कहा कि यदि वह याचिका पर नोटिस जारी करेगा तो प्रतिवादी जवाब देने के लिए समय मांगेगा और मामले में देरी हो सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय में इस मामले पर शीघ्र सुनवाई की जा सकती है। न्यायमूर्ति गवई ने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि उच्च न्यायालय हमारे अनुरोध पर कम से कम कुछ ध्यान देगा।

### हाईकोर्ट ने 22 अप्रैल तक सुनवाई टाल दी थी

याचि के वकील ने दलील दी कि हाईकोर्ट ने 21 फरवरी को पारित अपने आदेश में मामले की सुनवाई 22 अप्रैल के लिए स्थगित कर दी थी। पीठ ने कहा, स्वतंत्रता के मामलों में अदालतों से यह अपेक्षा नहीं की जाती कि वे मामले को इतनी लंबी तारीख तक रोके रखें। साथ ही पीठ ने याचिकाकर्ता को शीघ्र सुनवाई के लिए उच्च न्यायालय जाने की अनुमति दे दी। पीठ ने उच्च न्यायालय से अनुरोध किया कि वह सुनवाई की तारीख जल्दी की तय कर दें और कम से कम याचिकाकर्ता की बेटी के ऑपरेशन को लेकर चिकित्सा आधार पर अस्थायी जमानत देने के संबंध में मामले की सुनवाई करें।




# प्रदेश का बजट 3 गुणा गति से एक समान विकास को सुनिश्चित करेगा

**मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोले, सर्वदलीय बैठक व कार्य सलाहकार समिति की बैठक में कई विषयों पर चर्चा**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा विधानसभा का बजट सत्र कल 7 मार्च से आरम्भ होगा और 28 मार्च तक चलेगा। उन्होंने कहा कि वे वित्तमंत्री के रूप में 17 मार्च को वित्तवर्ष 2025-26 का बजट प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि बजट तीन गुणा गति से प्रदेश का समान विकास करते हुए हरियाणा को ओर आगे ले जाने का काम करेगा मुख्यमंत्री गुरुवार को हरियाणा विधानसभा में आयोजित सर्वदलीय बैठक और कार्य सलाहकार समिति की बैठक के उपरांत मीडियाकर्मियों से बातचीत कर रहे थे।मुख्यमंत्री ने कहा कि कल 7 मार्च को महामहिम राज्यपाल के अभिभाषण से बजट सत्र प्रारम्भ होगा। अभिभाषण पर चर्चा होने के पश्चात 17 मार्च को बजट पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्य सलाहकार समिति (बीएससी) की बैठक में बजट सत्र के दौरान प्रस्तुत होने वाले बिलों, सत्र अवधि सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर सकारात्मक चर्चा हुई बजट पूर्व परामर्श बैठकों के सम्बन्ध में पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में जाकर औद्योगिक संघ, चार्टरड अकाउंटेंट, टैक्सटाइल इन्डस्ट्री, प्रगतिशील किसान, एफपीओ, कृषि वैज्ञानिकों, युवाओं, नमो ड्रोन दीदी, महिला स्वयं समूह के साथ बैठक कर उनके सुझाव आमंत्रित किए। इसके अलावा, उन्होंने 3 और 4 मार्च को पंचकूला में दो दिवसीय परामर्श के दौरान प्रदेश के मंत्रियों, सांसदों और विधायकों के सुझाव भी लिए हैं। उन्होंने कहा कि प्राप्त बेहतरीन सुझावों को आगामी बजट में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बजट पूर्व परामर्श का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों के सुझावों को शामिल कर एक ऐसा बजट तैयार करना है जो प्रदेश के लगभग 2.80 करोड़ लोगों की आशाओं पर खरा उतरे।

- समाज के सभी वर्गों की राय से तैयार होगा बजट
- 2.80 करोड़ लोगों की आशाओं पर खरा उतरेंगे



### बजट में महिलाओं को 2100 रुपये देने का प्रावधान किया जाएगा

एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री कहा कि महिलाओं को 2100-2100 रुपये देने के लिए बजट में प्रावधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में किए गये वायदों को आगामी 5 सालों में एक-एक करके पूरा किया जाएगा। वर्तमान सरकार ने इस दिशा में तेजी से कार्य करते हुए 18 महत्वपूर्ण संकल्पों को पूरा कर लिया है, जिसका प्रदेश के लोगों को भरपूर लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में 10 और संकल्प शीघ्र ही पूरे होने जा रहे हैं।

### बैठक में नए विस भवन पर हुई चर्चा

हरियाणा विधानसभा के नये भवन को लेकर पूछे गये एक प्रश्न के उत्तर में नायब सिंह सैनी ने कहा कि सर्वदलीय बैठक में इस विषय को लेकर सदस्यों के साथ चर्चा हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अभी परिसीमन प्रस्तावित है, जिसके पश्चात सीटों की संख्या बढ़ने वाली है, ऐसे में वर्तमान भवन छोटा पड़ेगा और नये भवन की आवश्यकता होगी। हरियाणा में निकाय चुनावों के सम्बन्ध में पूछे गये प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाली 12 मार्च को एक-तरफा कमल का फूल खिलने जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### एसकेएम ने नरवाना में बुलाई किसान महापंचायत

**चंडीगढ़।** हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से राज्यों को भेजे नए कृषि विपणन बाजार मसौदे के विरोध में प्रदेशभर के किसान संगठनों ने लामबंद होना शुरू कर दिया है। जिसके चलते आनेवाली सात मार्च को सयुंक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) हरियाणा की ओर से नरवाना(जींद) की नई अनाज मंडी में किसान पंचायत बुलाई गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए एसकेएम के सदस्य एंव भारतीय किसान युनियन (भाकियू) के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से कृषि विपणन बाजार नीति का एक ड्राफ्ट राज्यों की सरकारों के पास मंजूर करने के लिए भेजा गया है। जिसका विरोध जताने के लिए सात मार्च को एसकेएम हरियाणा के बैनर तले नरवाना में पंचायत की जाएगी।

### कृष्ण कुमार डॉक्टरेट मानद उपाधि से विभूषित



**चंडीगढ़।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग हरियाणा में जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी के पद पर कार्यरत कृष्ण कुमार 'आर्य' को अमेरिका के कैडरब्रूक विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट (पीएचडी) की मानद उपाधि से विभूषित किया है। विश्वविद्यालय ने आर्य को जनसंपर्क विभाग में स्वर्णपदक के साथ पीएचडी की उपाधि भेंट की है। इस क्षेत्र में उनका लगभग 25 वर्ष से अधिक का अनुभव रहा है, इस दौरान उन्होंने प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी कार्य किया है।

### सरकार से समन्वय के साथ करेंगे विकास



**पंचकूला।** भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा ने पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस कालका मे आयोजित कालका नगर परिषद की बैठक में पार्षदों से संगठन एवं सरकार के मध्य बेहतर समन्वय बनाकर जनता के कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने की सलाह दी है। दीपक शर्मा ने कहा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा शासित हरियाणा सरकार प्रदेशवासियों के लिए तमाम जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है, पार्टी कार्यकर्ताओं को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि तमाम सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक अवश्य पहुंचे।

### विकास कार्यों को लेकर बैठक 10 को : गोयल

**पंचकूला।** नगर निगम की 10 मार्च को बजट और विकास कार्यों को लेकर बैठक होगी। इस बैठक में दो दर्जन से अधिक मुद्दे पेश किए जा रहे हैं। इस बैठक में सबसे बड़ा एजेंडा शहर में बनी कालोनियों को पक्का करने के लिए लाया जा रहा है। सरकार की 20 साल की पालिसी में वर्ष 2004 के रेट के अनुसार राजीव, इंदिरा, खड़क मंगोली, गांधी कलोनी में एक मरला के प्लॉट देने का प्रस्ताव रखा जाएगा। महापौर कुलभूषण गोयल ने एक प्रेस वार्ता में बताया कि पंचकूला शहर में बहुत सी कलोनियां बसी हुई है।

## विकास कार्यों में तेजी लाएं : मुख्यमंत्री



**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुरुग्राम जिला की विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार की प्रमुख परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने और उन्हें समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि तीव्र गति से गुणवत्तापूर्ण कार्य करना है और विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरती जाए। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह, सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी (वीडियो कॉन्फ्रेंस से) सहित प्रिंसिपल एडवाइजर डी.एस ढेसी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों से गुरुग्राम में सीवरेज, ड्रेनेज, स्वच्छता, जलापूर्ति, सी एंड डी वेस्ट तथा सड़क व्यवस्था की विस्तृत रिपोर्ट लेने उपरान्त कहा कि राज्य सरकार जिले में विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए आधारभूत संरचनाओं का विकास बेहद जरूरी है। इस दिशा में तेजी से काम किया जाए। इस मौके पर अधिकारी मौजूद रहे।

## निडरता से चुनौतियों का सामना करें

**गुरुग्राम।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नव-नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों से निष्पक्षता और निडरता से अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ लेने का आह्वान किया। उन्होंने उनसे कानून और संविधान की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने, संवेदनशीलता के साथ लोगों के अधिकारों की रक्षा करने और परिस्थितियों की परवाह किए बिना सच्चाई, ईमानदारी और समर्पण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता पर अडिग रहने का भी आग्रह किया।मुख्यमंत्री गुरुग्राम गुरुग्राम में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के नव-नियुक्त राजपत्रित अधिकारियों के 55वें बैच के पासिंग आउट परेड समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। सीआरपीएफ अकादमी से आज 2 महिला अधिकारियों सहित कुल 39 प्रशिक्षु अधिकारी कठोर प्रशिक्षण पूरा करने के बाद पास हुए। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राष्ट्र की सेवा को अपना सर्वोच्च कर्तव्य मानने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ये 39 प्रशिक्षु अधिकारी पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

## कांग्रेस ने बनाई रणनीति

### हम बजट सत्र को लेकर पूरी तरह तैयार : हुड्डा



- पार्टी मुख्यालय में जुटे पार्टी के दिग्गज नेता

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा सत्र को लेकर कांग्रेस विधायक दल की देर शाम को चंडीगढ़ में कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय पर बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बजट सत्र को लेकर सभी ने अपने अपने विचार रखे। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस बजट सत्र को लेकर पूरी तरह से तैयार है। बैठक समाप्त होने जाने के बाद में हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदय भान ने कहा कि बजट सत्र के दौरान कांग्रेस सरकार की कमियां उजागर करने का काम करेगी, इसके लिए हमारी पूरी तैयारी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के राज में हरियाणा पर कर्ज बढ़ता जा रहा है, जो प्रदेश के लिए चिंता का विषय है। जब भी हरियाणा में कोई बच्चा पैदा होता है, तो उसके ऊपर 2.28 लाख का कर्ज होता है।

### इनेलो एकमात्र पार्टी जो विपक्ष की भूमिका निभा रही : अदित्य

**चंडीगढ़।** विधानसभा में इनेलो विधायक दल नेता आदित्य देवीलाल ने बजट सत्र पर प्रतिक्रिया दी और कहा कि पार्टी की तरफ से बजट सत्र के लिए 12 ध्यान आकर्षण प्रस्ताव स्पीकर को भेजे हैं। शुक्रवार से शुरू होने वाले विधानसभा बजट सत्र को लेकर इनेलो पार्टी पूरी तरीके से तैयार है। प्रदेश में जनहित से जुड़े अनेक मुद्दे हैं जिनको विधानसभा में उठाएंगे और सरकार से उन मुद्दों को जल्द से जल्द सुलझाने और रूके हुए विकास के कार्यों को पूरा करने की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में इनेलो पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो विपक्ष की भूमिका निभा रही है, कांग्रेस तो पूरी तरह से बीजेपी की एजेंट बनी हुई है।

## सतपाल सांगवान के संघर्ष को दादरी की जनता हमेशा याद रखेगी: कैप्टन

■ प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने पूर्व मंत्री के निधन पर शोक जताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरखी दादरी

प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने वीरवार को चरखी दादरी के भाजपा विधायक सुनील सांगवान के पिता एवं पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान ने निधन पर शोक जताया। कैप्टन अभिमन्यु ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उनके पुत्र विधायक सुनील सांगवान को दुःख की घड़ी में ढांढस बंधाया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि पूर्व मंत्री सतपाल सांगवान के संघर्ष को दादरी की जनता हमेशा याद करेगी, हर व्यक्ति से उनका सीधा लगाव था। उन्होंने कहा कि वे एक दूरगामी सोच के नेता थे और हलके के प्रत्येक व्यक्ति की सुख दुःख में उनके साथ खड़े मिलते थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन जनता की भलाई में लगाया, जिसे हलके के साथ प्रदेश की जनता हमेशा याद रखेगी। इस अवसर पर सांसद धर्मबीर सिंह, सांसद कुमारी शैलजा, मोहम्मद खान, विधायक जस्सी पेटवाड़, पूर्वमंत्री वीरेंद्र सिंह, विधायक बलराम दांगी, विधायक इंदराज नरवाल, पूर्वमंत्री देवेंद्र बबली सहित अन्य नेताओं व गणमान्य नागरिकों ने शोक जताया।

- पूरा जीवन जनता को समर्पित रहा



**चरखी दादरी।** सतपाल सांगवान के निधन पर शोक जताते नेता।

## लोकसभा के पूर्व डिप्टी स्पीकर अटवाल ने विस अध्यक्ष से की भेंट



**चंडीगढ़।** लोकसभा के पूर्व उपाध्यक्ष एवं दो बार पंजाब विधान सभा के अध्यक्ष रहे डॉ. चरनजीत सिंह अटवाल ने वीरवार को हरियाणा विधान सभा सचिवालय पहुंच विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच विधायी कामकाज को लेकर लंबी चर्चा हुई। इस दौरान डॉ. अटवाल के दो सहयोगी कुलदीप सिंह और गुरदेव सिंह भी मौजूद रहे। डॉ. अटवाल 2004 में लोक सभा के उपाध्यक्ष चुने गए। इससे पूर्व वे 1997-2002 और 2012 में पंजाब विधानसभा के अध्यक्ष रहे। इतिहास, विधायी कामकाज, कानून और धर्म पर पुस्तकें पढ़ना उनकी रुचि के क्षेत्र हैं। यूएसए, घाना, मॉरीशस, न्यूजीलैंड, त्रिनिदाद, टोबैगो, यूके, ऑस्ट्रेलिया, वेस्टइंडीज सहित कई देशों का दौरा कर चुके है।


## निविदा सूचना

सभी लघु सचिवालय भवन क्षेत्र सोनीपत की सामान्य स्वच्छता और हाउसकीपिंग के कार्य को 01.04.2025 से 31.03.2026 की अवधि के लिए ठेके पर देने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि प्रस्तावों में कुछ उपकरण / सामग्री अर्थात डस्टर, झाडू., पोंच्छे, फिनायल इत्यादि की आपूर्ति भी शामिल होगी।

विस्तृत नियम एवं शर्तें सीटीएम-सह-नोडल ऑफिसर, रखरखाव के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में मोहरबंद निविदा इस कार्यालय में 17.03.2025 को अप. 3.00 बजे तक अवश्य पहुंच जानी चाहिए।

निविदाएं 20.03.2025 को पूर्वा. 11.00 बजे कांफ्रेंस हॉल, प्रथम तल, लघु सचिवालय सोनीपत में कमेटी की उपस्थिति में खोली जाएंगी और वार्ताएं इसके पश्चात आयोजित होंगी।

अधोहस्ताक्षरी बिना कोई कारण बताए किसी अथवा सभी निविदाओं को स्वीकार अथवा रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखते हैं।

हस्ता/- उपायुक्त, सोनीपत

पीआरडीएच-1029/11/528/2025/32653/88/6 दि. 06.03.25


## भाजपा की संगठनात्मक बैठक आज चुनाव व अन्य मुद्दों पर होगी चर्चा

**चंडीगढ़।** भाजपा ने शुक्रवार को पंचकूला में एक महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक बुलाई है। सात मार्च को होने वाली इस बैठक में नगर निकाय चुनाव की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर मंथन होगा। बैठक में मुख्यमंत्री नायब सैनी, प्रदेश प्रभारी डाक्टर सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडौली, संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, अर्चना गुप्ता और कृष्ण बेदी सहित अनेक नेता मौजूद रहेंगे। दोपहर 2 बजे होने वाली इस बैठक में प्रदेश भाजपा के आला नेता संगठनात्मक चुनाव की तैयारी, विधानसभा सत्र सहित विभिन्न संगठनात्मक एवं राजनीतिक गतिविधियों पर विस्तृत रूप से चर्चा करेंगे भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी व जिला चुनाव संयोजकों के अलावा अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे।

- बैठक में मुख्यमंत्री, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, प्रदेश अध्यक्ष व संगठन मंत्री सहित तमाम वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे

### निकाय चुनाव को लेकर वन-टू-वन चर्चा करेंगे

मुख्यमंत्री, प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष संगठन के पदाधिकारियों के साथ नगर निकाय चुनाव को लेकर वन-टू-वन चर्चा करेंगे और उनके विचार भी सुनेंगे। बैठक में संगठन चुनाव को गति देने पर भी विचार विमर्श होगा, साथ ही आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। पानीपत में होने वाले निकाय चुनाव पर भी भाजपा के नेता चर्चा करेंगे और अब तक की चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे।

## सरकारी की जगह प्राइवेट स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही सरकार: सैलजा



**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार शिक्षा का बेड़ा गर्क करने पर तुली हुई है। भाजपा सरकारी सरकारी स्कूलों की ओर ध्यान देने के बजाए प्राइवेट स्कूलों को प्रोत्साहित कर रही है। चिराग योजना के नाम पर बच्चों को प्राइवेट स्कूलों के हवाले करने से बेहतर होगा कि उन बच्चों को वहीं वातावरण सरकारी स्कूलों में ही उपलब्ध करवाया जाए। सैलजा ने कहा है कि प्रदेश में सरकारी स्कूलों की संख्या 14303 जबकि प्राइवेट स्कूलों की संख्या 9216 है यानि प्रदेश में 60. 82 प्रतिशत स्कूल सरकारी है जबकि 39.18 प्रतिशत स्कूल प्राइवेट है। सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या 2146888 है जबकि प्राइवेट स्कूलों में यह संख्या 3153075 है यानि 40.51 प्रतिशत बच्चे सरकारी स्कूलों में और 59.49 प्रतिशत बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते है। सरकारी स्कूलों की संख्या अधिक होने के बावजूद सबसे ज्यादा बच्चे प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते है।

### विभागीय परीक्षाओं की डेटशीट घोषित

**चंडीगढ़।** सरकार ने मार्च 2025 के दौरान होने वाली विभिन्न विभागों की विभागीय परीक्षाओं की डेटशीट जारी की है। ये परीक्षाएं 19 से 26 मार्च, 2025 तक प्रातःकालीन और सायंकालीन सत्र में सार्थक गर्वनमेंट इंटिग्रेटिड सीनियर सैकेण्डरी स्कूल सैक्टर-12ए, पंचकूला में संचालित की जाएंगी। प्रशासनिक सुधार विभाग के एक प्रवक्ता ने गुरुवार यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि असिस्टेंट कमिश्नर (एसीज), एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नर व अन्य की परीक्षाएं होगी।

### किसानों की आय बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता : राणा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना और कृषि को एक लाभकारी व्यवसाय बनाना है।वे आज एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।कृषि मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने के लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत झींगा मछली पालन को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए प्राकृतिक खेती, कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि यंत्रीकरण और एग्रो टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार इसके उत्पादों को बेहतर समर्थन मूल्य देने की योजना बना रही है। किसानों को अपने उत्पादों का अधिक मूल्य दिलाने के लिए एफपीओ से जोड़ा जा रहा है। आधुनिक कृषि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी

मु.न. 72 दिनांक 04/03/25 धारा 281/106 (1) BNS थाना माडल टाउन रेवाड़ी

नाम पता नामालुम की पहचान हेतु



माता वा पिता का नाम-नामालुम
उम्र - लगभग 42 साल, कद-5 फूट 7 ईंच
हुलिया-रग सावला लम्बूतरा चेहरा पतला कमजोर शरीर
पहनावा -गर्म टी शर्ट हल्की गुलाबी हल्के काले कलर की पैन्ट वा निले कलर का अन्डरवियर दिनाँक 04/03/25 को सुबह लगभग 07-00 AM पर डायल 112 को सूचना पर महाबीर नगर कालका रोड नजदीक धोबी घाट डिसन्ट किडस स्कूल के पास मृतक नामालुम व्यकित की नाश मिली है जिसका सिर पिचका हुआ है वा मास निकल रहा है जिसकी अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। नाश नामालुम को शव गृह सामान्य अस्पताल रेवाड़ी मे रखवाया हुआ है यदि किसी थाना या किसी व्यक्ति को इस नामालुम बारे पता चले

1. प्रबन्धक अफसर थाना माडल टाउन रेवाड़ी न. 7056666122
2. थाना माडल टाउन रेवाड़ी न.01274-260122
3. कन्टोल रुम रेवाड़ी मो न. 01274-225156,9306952004

पीआरडीएच-1084/11/3165/2025/32658/88/6 दि. 06.03.2025

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद मंडी डबवाली | एम.सी. मण्डी डबवाली में वार्ड नं. 01 से 07 तक स्वीपिंग कार्य के आउटसोर्स के कार्य हेतु आकलन + 2 अन्य कार्य। | 04.03.2025 19.03.2025 | - | https://etenders.hry.nic.in | 7015438905 secymcdabwali@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2025/40/32659/1/88/6 दि. 06.03.25


## हाईकोर्ट का एफआईआर रद होने पर युवक का नाम न्यायिक रिकार्ड से हटाने का आदेश



- जब किसी व्यक्ति को अदालत निर्दोष घोषित कर दे तो उस पर लगे आरोपों की छाया के लिए उसका पीछा नहीं करनी चाहिए

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि जब किसी व्यक्ति को अदालत द्वारा निर्दोष घोषित कर दिया जाता है, तो उस पर लगे आरोपों की छाया हमेशा के लिए उसका पीछा नहीं करनी चाहिए। जस्टिस एनएस शेखावत ने यह टिप्पणी करते हुए हाई कोर्ट की रजिस्ट्री को निर्देश दिया कि वह उस व्यक्ति का नाम अपने रिकार्ड से हटा दे, जिसे पहले एक आपराधिक मामले में आरोपित बनाया गया था, लेकिन बाद में उसके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को खारिज कर दिया गया। याचिकाकर्ता के खिलाफ गुरुग्राम में साइबर अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया था। उसने अदालत के समक्ष यह दलील रखी कि वह एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं और कई मल्टीनेशनल कंपनियों में साक्षात्कार पास करने के बावजूद उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं मिल रहा, क्योंकि उनके नाम की जानकारी ई-कोर्ट पोर्टल पर उपलब्ध थी और उन्हें एक आपराधिक मामले का आरोपित बताया जा रहा था। हाईकोर्ट ने इसके निजता के अधिकारी का उल्लंघन माना।

## हाईकोर्ट का 25 साल से लंबित पारिवारिक पेंशन जारी करने का आदेश, ब्याज भी दें

**चंडीगढ़।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने एक फैसले में हरियाणा पुलिस के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी की विधवा को पारिवारिक पेंशन देने पर का निर्देश दिया है। इस मामले में 25 वर्षों से पेंशन विवाद चल रहा था, क्योंकि मृत कर्मचारी की दो पत्नियां थीं और विवाद के चलते सरकार ने किसी को भी पेंशन जारी नहीं की थी।इस मामले में हाई कोर्ट में गुरुग्राम निवासी मुन्नी भाई व अन्य ने साल दो हजार में याचिका दायर कर पेंशन की मांग की थी। जस्टिस जगमोहन बंसल मामले कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि 25 वर्षों से याचिकाकर्ता को उसका हक नहीं मिला और सरकार की निष्क्रियता के कारण पेंशन जारी नहीं हुई।याचिकाकर्ता ने अदालत में दलील दी कि उनके पति राम सहिन हरियाणा पुलिस से 1 अगस्त 1985 को सेवानिवृत्त हुए थे और 23 फरवरी 2000 को उनका निधन हो गया। चूंकि मृतक कर्मचारी की दो पत्नियां थीं, सरकार ने विवाद के चलते किसी को भी पेंशन जारी नहीं की। याचिकाकर्ता ने यह भी बताया कि पहली पत्नी का निधन 24 जुलाई 2006 को हो गया और अब परिवार में कोई पुरुष सदस्य नहीं है। ऐसे में उसे पेंशन मिलनी चाहिए।सरकार की तरफ से कहा गया कि विभाग यह तय नहीं कर पाया कि याचिकाकर्ता मृतक की कानूनी रूप से वैध पत्नी हैं या नहीं, क्योंकि पेंशन दस्तावेजों में पहली पत्नी को कानूनी उत्तराधिकारी बताया गया था। अदालत ने राशि पर 6 फीसदी ब्याज देने का भी आदेश दिया।


## THE BHIWANI CENTRAL CO-OPRATIVE CONSUMER STORE LIMITED, BHIWANI

### DETAIL NOTICE INVITING TENDER

e-Tender is invited on the prescribed tender form from transporters for transportation work for the period from 01.04.2025 to 31.03.2026 in single stage two cover system i.e. request for pre-qualification/Technical Bid (online Bid under Technical Envelope) and request for Financial Bid (comprising of price bid proposal under online available Commercial Envelope) for the transportation of :-

1. **Doorstep delivery of goods and commodities under PDS and other Welfare scheme to Fair price Shops in Bhiwani City from FCI/Agency/Confed Godowns/Flour mills (empanelled by Hafed).**

The prescribed tender form containing detailed terms and conditions can be had from https://etenders.hry.nic.in. The e-tender duly completed with requisite earnest money shall be opened by the District level Transport Committee under the Chairmanship of Deputy Commissioner Bhiwani.

The schedule of e-tender is as under:

| Group | Release of tender at 10.00 AM | Last date of registration with portal | Opening of technical bid | Opening of financial bid and negotiation |
|---|---|---|---|---|
| URBAN BHIWANI (Group- A) | 06.03.2025 | 17.03.2025 up-to 05:00 PM | 18.03.2025 at 02:00 PM at DRDA Hall Bhiwani | AS Decided by Committee |

For details, please visit 'Tender' Section on https://etenders.hry.nic.in. The tender notice and tender documents are available on website.

Tender document fees is Rs. 2000/- per tender is non refundable.

Interested parties may remain present at the time of opening of e-tender for making negotiation, if any. The undersigned reserve the right to cancel/reject all or any tender without assigning any reason thereof.

Sd/- General Manager
The Bhiwani Central Co-operative Consumer Store Ltd. Bhiwani

भद्रा का साया पड़ने से शुभ कार्य माने गए हैं वर्जित

# आज से शुरू हो रहा होलाष्टक, 8 दिनों तक शुभ कार्य नहीं कर सकेंगे, होलिका दहन 13 और फाग उत्सव 14 को मनाया जाएगा

ज्योतिषयों के अनुसार होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त का विशेष रूप से ध्यान रखना अति आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अमावस्या के बाद से फाल्गुन माह की शुरूआत हो चुकी है। बीती 27 फरवरी को आई अमावस फाल्गुन अमावस थी, जिसके बाद रंगो का त्यौहार इसी माह मनाया जा रहा है। 13 मार्च को होलिका दहन होगा तथा 14 मार्च को रंगों का त्योहार फाग धूमधाम से मनाया जाएगा। इसी को लेकर आज 7 मार्च से होलाष्टक शुरू हो जाएंगे। ज्योतिषयों के अनुसार इस साल होलिका दहन पर भद्रा का साया रहेगा, जिससे सही समय पर दहन करना ही महत्वपूर्ण होगा।

हिंदू पंचांग के अनुसार 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा और 14 मार्च को रंगों का त्योहार होली मनाया जाएगा। आज से शुरू हो रहे होलाष्टक में शुभ कार्य करने की मनाही होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भद्रा काल में कोई भी शुभ कार्य करना वर्जित माना जाता है क्योंकि इस समय किए गए कार्यों का नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, होलिका दहन के लिए शुभ मुहूर्त का ध्यान रखना आवश्यक है।

हरिभूमि खास

13 मार्च को पूरे दिन लगभग 13 घंटे तक भद्रा का साया बना रहेगा

## 13 को धरती पर होगा भद्रा का वास

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस साल 13 मार्च को फाल्गुन पूर्णिमा के दिन भद्रा का वास धरती पर है। कहा जाता है कि जब भद्रा का वास धरती पर होता है तो कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य नहीं करने चाहिए क्योंकि भद्रा इन कामों में विघ्न डालने का कार्य करती है। इसलिए जब धरती पर भद्रा का वास होता है तो इन कामों का त्याग करना चाहिए। होलिका दहन पर पूर्णिमा तिथि के साथ ही भद्रा की भी शुरुआत हो जाएगी जो रात 10:36 तक रहेगी। इसलिए भद्रा खत्म होने के बाद ही होलिका दहन किया जाएगा।


पंडित सोनू शर्मा।

## एक घंटा चार मिनट रहेगा मुहूर्त

होलिका दहन के मुहूर्त के बारे में श्री श्याम मंदिर के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि सनातन धार्मिक शास्त्रों के अनुसार होलाष्टक के समय सभी 8 ग्रह अशुभ माने जाते हैं। इस समय ग्रहों की स्थिति शुभ कार्यों के लिए अनुकूल नहीं मानी जाती। कोई भी शुभ कार्य करना निषिध है। उन्होंने बताया कि होलाष्टक के दौरान विष्णु, हनुमान चालीसा व महामृत्युंजय मंत्र का जाप शुभ फलदायी माना जाता है। इस दौरान पित्तरों की शांति के लिए तृपण करना भी लाभकारी है। पंडित सोनू शर्मा के अनुसार इस बार होलिका दहन का शुभ मुहूर्त एक घंटा चार मिनट है। इस वर्ष 13 मार्च को शाम को भद्रा की छाया पृथ्वी पर होने के कारण होलिका दहन के शुभ मुहूर्त का विशेष ध्यान रखना होगा। शास्त्रों के अनुसार भद्रा काल में किए गए कार्य शुभ फल नहीं देते और इससे अशुभ परिणाम हो सकते हैं। यही कारण है कि इस समय विवाह, गृह प्रवेश और अन्य मांगलिक कार्य नहीं किए जाते। विशेष रूप से होलिका दहन को भद्रा में करने से अनिष्टकारी प्रभाव पड़ सकता है, इसलिए इसे टालना ही बेहतर माना जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 13 मार्च सुबह 10:02 से पूर्णिमा तिथि की शुरुआत हो जाएगी, जिसकी समाप्ति 14 मार्च सुबह 11:11 पर होगी। ऐसे में 13 मार्च को ही होलिका दहन किया जाएगा, लेकिन 13 मार्च को पूरे दिन लगभग 13 घंटे तक भद्रा का साया बना रहेगा। शास्त्रों में होलिका दहन के लिए भद्रा रहित और निशा काल में पूर्णिमा तिथि का होना अनिवार्य बताया गया है।

## दहन का समय

पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि भद्रा रहित और पूर्णिमा तिथि को देखते हुए होलिका दहन 13 मार्च की रात में किया जाएगा। होलिका दहन के लिए ज्योतिषाचार्य ने रात 10 बजकर 35 मिनट से 11 बजकर 26 मिनट तक का समय शुभ बताया है। ऐसे में होलिका दहन देर रात किया जाएगा और इसके लिए लगभग 1 घंटे 9 मिनट का ही शुभ समय मिलेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार भद्रा का मुख काल छोड़कर पूंछ काल में होलिका दहन हो सकेगा। होलिका दहन के दिन भद्रा पूंछ शाम 6 बजकर 57 मिनट से रात 8 बजकर 14 मिनट तक है। इस दौरान होलिका दहन करना शुभ माना गया था।

## खबर संक्षेप

### विदेश भेजने के नाम पर ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** विदेश भेजने नाम पर लाखों की ठगी के मामले में आरोपी गांव सिणद निवासी राम करण उर्फ काला को गिरफ्तार किया है। इकनॉमिक सैल के एएसआई महेंद्र सिंह की टीम ने गांव सिणंद से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि गांव पापसर निवासी हरपाल सिंह की शिकायत अनुसार गांव सिणंद निवासी कर्ण युवाओं को विदेश भेजने का काम करता है। जनवरी 2024 में कर्ण उनके गांव आया था। उसने भाई कुलदीप को विदेश भेजने को 1.50 लाख मांगे। फिर तीन लाख रुपए लिए। इसके बाद 8 महीने तक नहीं भेजा। वीरवार को अदालत ने 3 दिन पुलिस रिमांड दिया है।

### तीन दिन से लापता बैंक कर्मचारी का मिला शव

**भिवानी।** सीट पर मोबाइल रखकर घुमने गए बैंक कर्मचारी का तीन बाद शव जलघर के टैंक में मिला। अभी ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पानी में डूबने से मौत हुई है या फिर हत्या, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तीन मार्च को बैंक में बतौर लिपिक के पद पर तैनात मनीष कुमार ड्यूटी पर गया। दोपहर के वक्त कर्मचारी ने खाना खाया और मोबाइल कुर्सी पर रखकर चला गया तथा शाम तक वापस नहीं लौटा। कर्मचारियों ने घर पर सम्पर्क किया। पांच मार्च की शाम को उसकी स्कूटी दिनोद रोड स्थित जलघर के पास मिली।

### अपहरण कर छेड़छाड़ के दोषी को तीन साल कैद

**रेवाड़ी।** फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश लोकेश गुप्ता ने नाबालिग का अपहरण कर अश्लील हरकतें करने वाले आरोपी युवक को दोषी करार देते हुए तीन साल कैद की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना नहीं भरने पर आरोपी को जेल की अतिरिक्त सजा भी भुगतनी होगी। पीड़िता और दोषी युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। कोसली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 8 मार्च 2023 की दोपहर उसकी नाबालिग बेटी कूड़ा डालने के लिए जा रही थी। गांव का रहने वाला एक युवक उसकी बेटी को जबरदस्ती घसीट कर खेत में ले गया और उसके साथ अश्लील हरकतें करनी शुरू कर दी।

पीपीपी की आय सत्यापन में खामियां उजागर

एक लाख से कम आय दिखाने वालों के बने फ्री बस यात्रा पास

# अमीरजादे बनवा रहे फ्री पास हैप्पी जर्नी का उठा रहे लुत्फ

आधार कार्ड में पता बदलवाकर दूसरे राज्यों के लोग भी लाभ ले रहे

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से एक लाख से कम आय वाले लोगों को साल में एक हजार किलोमीटर मुफ्त बस यात्रा की जो सुविधा दी गई है, उसका फायदा नौकरीपेशा और अच्छी आय वाले लोग भी जमकर उठा रहे हैं। इससे सरकार और रोडवेज विभाग को मोटा नुकसान पहुंच रहा है। दूसरे राज्यों के लोग भी आधार कार्ड में हरियाणा का पता दर्ज कराकर बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा ले रहे हैं। सरकारी खजाने से अच्छा वेतन पाने वाले लोग भी परिचालकों को बसों में हैप्पी कार्ड दिखाकर इस सुविधा का फायदा लेते हुए नजर आ रहे हैं। सिस्टम ऑटोमैटिक होने के कारण आय सत्यापन में त्रुत्रियों के कारण हजारों की संख्या में अच्छी आय वाले लोगों को के हैप्पी कार्ड बन गए हैं, जिनसे सरकार को मोटा नुकसान पहुंच रहा है। सरकार की ओर से सालाना एक लाख से कम आय वाले बीपीएल परिवारों के सदस्यों को एक हजार किलोमीटर तक मुफ्त यात्रा की सुविधा दी हुई है। इसके लिए परिवहन विभाग हैप्पी कार्ड जारी करता है। कार्ड बनवाने के लिए विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा है। जिन आवेदकों की आय परिवार पहचान पत्र में एक लाख से कम दिखाई गई है, उन्हें आवेदकों के हैप्पी कार्ड बनते हैं। पूर्व में बन चुकी फैमिली आईडी में आय सत्यापित करने के मामले में बड़ी संख्या में त्रुटियां रही हैं, जिनका फायदा अच्छी आमदनी वाले लोगों को भी अभी तक खूब मिल रहा है। अभी तक 57 हजार से ज्यादा हैप्पी कार्ड बन चुके हैं। इनमें से विभाग की ओर से लगभग 50 हजार कार्ड संबंधित लोगों को वितरित किए जा चुके हैं। अन्य लोगों को भी कार्डों का वितरण लगातार हो रहा है।



रेवाड़ी। होमगार्ड कर्मचारी को बना हुआ हैप्पी कार्ड। फोटो :हरिभूमि

### कार्डों का हो रहा जमकर दुरुपयोग

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिन लोगों के हैप्पी कार्ड बने हुए हैं, उनके कार्डों का इस्तेमाल दूसरे लोग भी जमकर कर रहे हैं। परिचालक हैप्पी कार्ड के साथ आधार कार्ड देखते हैं। ऐसे में हैप्पी कार्ड के समान नाम वाले आधार कार्ड धारक भी मुफ्त यात्रा का पूरा लाभ उठा रहे हैं। इनमें कंपनियों में काम करने वाले लोगों की संख्या ज्यादा बताई जा रही है। यात्रा के दौरान दोनों कार्डों का मिलना करना संभव नहीं होता, जिस कारण यात्रा नहीं करने वाले लोगों का दूसरे लोग इस्तेमाल कर रहे हैं।

### होमगार्ड के पास मिला हैप्पी कार्ड

रोडवेज बस में होमगार्ड भी हैप्पी कार्ड पर यात्रा करता हुआ पाया गया, परंतु कार्ड वास्तविक होने के कारण उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। होमगार्ड का अच्छा वेतन होने के बावजूद उसकी फैमिली आईडी में आय एक लाख रुपये से कम दर्शाई गई, जिस कारण उसका हैप्पी कार्ड बन गया। परिचालकों को आए दिन ऐसे लोग हैप्टी कार्ड से यात्रा करते मिलते हैं, जिन्हें किसी भी सूरत में गरीब नहीं कहा जा सकता। यूपी व बिहार के मूल निवासियों ने भी बड़ी संख्या में हैप्पी कार्ड बनवाए हुए हैं। इसके लिए आधार कार्ड में पता बदलवाया गया है।

### विभाग का नहीं रोल



हैप्पी कार्ड बनाने में विभाग का कोई रोल नहीं है। ऑनलाइन आवेदन के दौरान पीपीपी में आय एक लाख से कम दर्शाने वाले लोगों के कार्ड बनते हैं। विभाग के पास हैप्टी कार्ड आवंटित करने के लिए आते हैं।
-प्रदीप अहलावत, जीएम रोडवेज।

### अपडेड होंगे पीपीपी



पहले आय सत्यापित करने में कई चीजों को शामिल नहीं किया गया था। अब वाहनों को भी इसमें शामिल किया गया है। नए वित्त वर्ष में पीपीपी में आय संबंधित खामियां अपडेट होने के बाद दूर हो जाएंगी।
-सतीश खोला, स्टेट कॉआर्डिनेटर, एचपीपीए।

ट्रक कंटेनर सहित 2 नशा तस्कर पकड़े

# ओड़ीसा से लाई 159 किलो 110 ग्राम गांजा पत्ती पकड़ी



**नारनौल।** सीआईए महेंद्रगढ़ व साइबर सेल की पुलिस की संयुक्त टीम ने नांगल चौधरी क्षेत्र से दो आरोपितों को नशीले पदार्थ सहित पकड़ा है और भारी मात्रा में गांजा पत्ती बरामद की है। पुलिस द्वारा आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। टीम ने ट्रक कंटेनर से 159 किलो 110 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। जिसकी कीमत 20 लाख रुपये तक आंकी जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपित उड़ीसा से गांजा पत्ती लाए थे। ट्रक कंटेनर में कॉटन भरा हुआ था। पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने वीरवार दोपहर प्रेस वार्ता कर बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गस्त के दौरान टोल प्लाजा नांगल चौधरी पर मौजूद थी। टीम को गुप्त सूचना मिली कि मुकेश वासी आसलवास ट्रक चलाता है और गांजा पत्ती बेचने का काम करता है। ट्रक में गांजा पत्ती लेकर नांगल चौधरी आ रहा है। टीम ने नांगल नांगल चौधरी सर्विस रोड पर नाका बंदी कर चेकिंग शुरू कर दी। टीम ने सर्विस रोड पर ट्रक को रुकवाया और चालक को काबू करके नाम पता पूछा तो चालक ने अपना नाम मुकेश वासी आसलवास व साथ बैठे शख्स ने अपना नाम राजपाल आसलवास थाना सूरजगढ़ बताया।

### ट्रक की तलाशी में बरामद

ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक कंटेनर से कट्टों में गांजा पत्ती नुमा पदार्थ बरामद हुआ। मुकेश व राजपाल से लाईसेंस व परमिट मांगा तो वह कोई पेश नहीं कर सके। जिनका वजन करने पर एक कट्टे का वजन 15 किलो 640 ग्राम, दूसरे कट्टे का वजन 13 किलो 560 ग्राम, तीसरे कट्टे का वजन 29 किलो 570 ग्राम, चौथे कट्टे का वजन 26 किलो 100 ग्राम, पांचवे कट्टे का वजन 27 किलो 120 ग्राम, छठे कट्टे का वजन 26 किलो 160 ग्राम और सातवें कट्टे का वजन 20 किलो 960 ग्राम हुआ। इस तरह गांजा पत्ती का कुल वजन 159 किलो 110 ग्राम गांजा हुआ। टीम ने नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया और आरोपितों के खिलाफ थाना नांगल चौधरी में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

# निकाय चुनाव में मुकाबले में नहीं कांग्रेस

- सीएम की मतदाताओं से चुनाव में शत प्रतिशत मतदान की अपील
- भाजपा की जीत में पन्ना प्रमुख देंगे अपना पूर्ण योगदान : सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

नगर निगम चुनाव के मद्देनजर एमजेआर संस्थान के परिसर में पन्ना प्रमुख सम्मलेन का आयोजन किया गया । इस सम्मलेन के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रहे। जबकि पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। शहरी विधायक प्रमोद विज, समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना, नगर निगम चुनाव प्रभारी डॉ. बनवारी लाल, भाजपा जिला प्रभारी अशोक गुर्जर विशेष अतिथि रहे। जबकि पूर्व सांसद संजय भाटिया, राजेन्द्र शर्मा हल्दाना, गजेन्द्र सलूजा, कृष्ण छोक्कर, रोशन लाल माहला, आरडी कल्याण, नवीन भाटिया, राहुल विज मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने की। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदेमातरम् के साथ हुआ । सीएम नायब सैनी ने अगले दो दिनों में घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने की अपील करते हुए कहा कि वे मतदाताओं को प्रेरित करें कि नौ मोर्च को मतदान के बाद ही जलपान करें ।



### पार्टी की रीड पन्ना प्रमुखः नायब सिंह सैनी

पानीपत नगर निगम चुनाव के तहत मतदान से दो दिन पहले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए सीमि नायब सिंह सैनी ने कहा कि पन्ना प्रमुख भाजपा संगठन का महत्वपूर्ण कड़ी हैं। बूथ अध्यक्ष और पन्ना प्रमुख की कड़ी मेहनत का ही परिणाम है कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में, मध्य प्रदेश, राजस्थान और महाराष्ट्र में रिकॉर्ड मतों से भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद हरियाणा -दिल्ली में भाजपा ने एतिहासिक जीत हासिल की। अब हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनाव में भी भाजपा के कार्यकर्ता ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने जा रहे हैं । उन्होंने प्रदेश की बागडौर संभालते ही 25 हजार नवयुवकों को उनकी प्रतिभा के अनुसार सरकारी नौकरी देने का काम किया है।

### सीनियर सेकेंडरी व डीएलएड परीक्षा में नकल के नौ केस दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मुनीश नागपाल ने बताया कि प्रदेशभर में करवाई गई सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) ललित कला व डीएलएड विषय की परीक्षा नकल रहित सुव्यवस्थित ढ़ंग से संचालित हुई तथा प्रदेशभर में अनुचित साधन प्रयोग के कुल नौ केस बनाए गए। सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) ललित कला विषय की परीक्षा में 17,961 तथा डीएलएड (रि-अपीयर/मर्सी चांस) की कांटेमपोरेरी इंडियन सोसाइटी विषय की परीक्षा में 1,249 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट हुए। बोर्ड अध्यक्ष के उड़नदस्ते ने हिसार के विभिन्न केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां नकल का एक मामला दर्ज किया। बोर्ड सचिव के स्वयं के उड़नदस्ते ने रोहतक के केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां अनुचित साधन प्रयोग के दो केस पकड़े।

# बावल की केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग, काबू पाने के लिए कई गाड़ियां पहुंचीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बावल/रेवाड़ी

एचएसआईआईडीसी के सेक्टर-9 स्थित केमिकल फैक्ट्री में वीरवार रात आग लग गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप धारण कर लिया। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए।

समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। रात को करीब 8 बजे प्लॉट नंबर 136 स्थित विनायक एंटरप्राइजिज में अचानक धुआं निकलना शुरू हो गया। प्रबंधन ने अपने स्तर पर आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन केमिकल में लगी आग भड़कती चली गई। श्रमिकों को बाहर निकालकर पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बावल व कसोला थाना के एसएचओ मौके पर पहुंच गए।

### केमिकल स्टोर तक नहीं पहुंची आग


**बावल।** बावल की कंपनी में लगी आग पर काबू पाते हुए फायर ब्रिगेड व मौके पर मौजूद पुलिस।

- आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका

पहले बावल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। इसके बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। इसके बाद रेवाड़ी से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गईं। आधा दर्जन के आसपास गाड़ियां पहुंचने के बाद आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। समाचार लिखे जाने तक फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग पर काबू पाने के प्रयास कर रही थीं। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका था। कंपनी के अंदर एक केमिकल स्टोर करने का रूम है। बताया गया है कि इस रूम में भारी मात्रा में केमिकल का भंडारण किया हुआ था। अगर इस रूम तक आग पहुंच जाती, तो केमिकल पांच किलोमीटर तक के एरिया में आग से तबाही मचा सकता है। फायर ब्रिगेड ने सबसे पहले आग इस रूम तक पहुंचने से रोकी।

सप्ताहंत तक मौसम साफ रहने की संभावना

# मौसम साफ होने से दिन में पारा चढ़ा, रात में घटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

तीन-चार दिन से आसमान साफ रहने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि हो रही है। तेज हवाएं भी चलनी बंद हो गई हैं। दोपहर के समय फिर से मौसम गर्म होने लगा है। रात का पारा गिरने से सुबह के समय ठंड का असर जरूर देखने को मिल रहा।

अगले सप्ताह मौसम में एक बार फिर बदलाव आने की संभावना है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ तेज धूप खिलने के कारण दोपहर के समय मौसम गर्म बना रहा, परंतु शाम के समय ठंड शुरू हो गई। अधिकतम तापमान 3.5 डिग्री बढ़कर 28.5 डिग्री पर पहुंच गया। रात के तापमान में दूसरे दिन भी गिरावट दर्ज की गई। यह 1.0 डिग्री सेल्सियस की कमी के साथ 9.5 डिग्री पर आ गया। रात का तापमान गिरने से सुबह-शाम के समय ठंड अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है।



### 6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं

*6 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलीं, जबकि एक दिन पूर्व ही हवाओं की गति 26 किलोमीटर प्रति घंटा रही थी। सर्दी की विदाई लगभग शुरू हो चुकी है। गर्म कपड़ों से दिन के समय छुटकारा मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले रविवार तक मौसम साफ बना रह सकता है। अगले सप्ताह के शुरू में एक बार फिर आसमान में बादलों के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। तब तक दिन का तापमान बढ़कर 30 डिग्री के पार पहुंच सकता है। इस दौरान रात के तापमान में ज्यादा वृद्धि होने की संभावना नहीं है।*

### गेहूं के लिए अनुकूल मौसम

तेज हवाएं चलने से गेहूं की फसल पर खतरा मंडराने लगा था। सिंचाई करते समय गेहूं के तेज हवाओं से गिरने की आशंका बनी हुई थी। गिरी फसल में दाना पूरी तरह नहीं पकता, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है। तेज हवाएं रुकने से राहत मिली है। दिन में तापमान बढ़ने से दीमक का खतरा अभी भी बना हुआ है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार इस समय गेहूं की निरंतर सिंचाई करनी चाहिए। तेज हवा चलने पर सिंचाई से बचना चाहिए।

इंस्टाग्राम आईडी पर पति के साथ पोस्ट शेयर कर लिखा ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर

# जल्द ही मां बनने वाली हैं रेसलर एवं जुलाना की विधायक विनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जुलाना से कांग्रेस विधायक एवं रेसलर विनेश फोगाट जल्द मां बनने वाली हैं। विनेश फोगा 31 साल की हैं और इसे लेकर विनेश फोगाट ने अपने पति सोमवीर राठी के साथ इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर की है। जिसमें उसने लिखा है कि ऑवर लव स्टोरी कंटिन्यू विद न्यू चैप्टर। इसके साथ में नन्हें बेबी के फुट प्रिंट और लव का सिंबल लिखा है। रेसलर विनेश फोगाट ने पिछले साल ही अंतरराष्ट्रीय कुश्ती से सन्यांस ले लिया था। उस दौरान विनेश फोगाट ने कहा था कि वह अपने परिवार की तरफ देखना चाहती है। इसलिए कुश्ती से सन्यास ले रही हैं। विनेश फोगाट के ससुर राजपाल राठी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि उनके घर में खुशियां आने वाली हैं। उनकी पुत्रवधू तीन माह की प्रेग्नेंट हैं। जुलाना खंड के गांव बख्ताखेड़ा निवासी सोमवीर राठी और विनेश की मुलाकात नौकरी के दौरान हुई थी। दोनों रेलवे में नौकरी करते थे। इसी सिलसिले में कई बार मिलते रहते थे। हालांकि शुरू में दोनों की ज्यादा बात नहीं होती थी लेकिन बाद में दोनों की दोस्ती आगे बढ़ने लगी। कुश्ती के प्यार के कारण दोनों एक-दूसरे के करीब आए और फिर इन दोनों के बीच प्यार के बाद डेटिंग शुरू हो गई थी। साल 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में विनेश ने गोल्ड मेडल जीता था। जब वह मेडल जीतकर भारत लौटीं तो दिल्ली के इंदिरा गांधी एयरपोर्ट पर सोमवीर राठी ने उन्हें प्रपोज कर दिया और अंगूठी पहना दी। इसी साल दोनों की शादी भी हो गई। तब से ये दोनों एक साथ हैं। सोमवीर भी कुश्ती खिलाड़ी हैं और दो बार नेशनल चैंपियन रह चुके हैं।


**जींद।** इंस्टाग्राम आईडी पर डाली गई पोस्ट।

### 2018 में शादी की थी

दोनों खिलाड़ियों ने 14 दिसंबर 2018 को शादी की थी। हिंदू रीति-रिवाज से देखें तो शादी में सात फेरे लिए जाते हैं लेकिन विनेश और सोमवीर ने आठ फेरे लिए थे। आठवां फेरा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ की शपथ पर खत्म हुआ था। इसलिए उनकी शादी को काफी सराहा गया था। विनेश फोगाट के ससुर राजपाल राठी ने बताया कि उनके घर में खुशियां आने वाली हैं। पुत्रवधू तीन माह की प्रेग्नेंट हैं।

## खबर संक्षेप



### दुबई की अनजान पिच से बिठाना होगा तालमेल

**लाहौर।** न्यूजीलैंड के आक्रामक सलामी बल्लेबाज रचिन रविंद्र का मानना है कि भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल के लिए उनकी टीम को दुबई की अनजान पिच से तालमेल बिठाना होगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी में दुबई में केवल एक मैच भारत के खिलाफ खेला था और उसने अपने बाकी मैच पाकिस्तान में खेले। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ त्रिकोणीय श्रृंखला के दो मैच लाहौर में खेले थे। दूसरी तरफ भारत ने अपने सभी मैच दुबई में खेले और वह वहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है।

### सही राह पर आगे बढ़ रही है हमारी टीम

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका की टीम आईसीसी की किसी प्रतियोगिता में फिर से नॉकआउट चरण में बाहर हो गई लेकिन उसके मुख्य कोच



रॉब वाल्टर का मानना है कि 2027 में घरेलू धरती पर होने वाले वनडे विश्व कप को ध्यान में रखते हुए उनकी टीम सही राह पर आगे बढ़ रही है। अपने ग्रुप में शीर्ष पर टीम रही दक्षिण अफ्रीका की टीम बुधवार को यहां चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई। वाल्टर ने कहा कि इस हार के बावजूद उनकी टीम के लिए इस प्रतियोगिता में कई सकारात्मक चीजें भी रहीं।

### पाकिस्तान के बल्लेबाज शकील 'टाइम आउट'

**रावलपिंडी।** भारत के खिलाफ हाल में चैंपियन्स ट्रॉफी मुकाबले में अर्धशतक जड़ने वाले पाकिस्तान के बल्लेबाज सऊद शकील को



यहां प्रेजीडेंट्स कप प्रथम श्रेणी टूर्नामेंट के फाइनल के दौरान अपनी बल्लेबाजी का इंतजार करते हुए कथित तौर पर सोने के कारण 'टाइम आउट' करार दिया गया। शकील टाइम आउट करार दिए जाने वाले कुल सातवें और पाकिस्तान क्रिकेट के इतिहास के पहले बल्लेबाज हैं। यह मैच मंगलवार रात स्टेट बैंक और पीटीवी के बीच खेला गया। रमजान के कारण पूरा मैच दूधिया रोशनी में खेला गया।

### गुजरात की निगाहें जीत से प्लेऑफ पर

TATA WOMEN'S PREMIER LEAGUE

**लखनऊ।** लगातार दो जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग प्लेऑफ में जगह बनाने की अपनी दावेदारी मजबूत करने के बाद गुजरात जायंट्स शुक्रवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में भी इसी लय को बरकरार रखना चाहेगी। गुजरात जायंट्स डब्ल्यूपीएल अंक तालिका में सबसे नीचे थी लेकिन दो बड़ी जीत ने उसे पांच टीम की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंचा दिया है।

### इंडियंस ने यूपी वारियर्स को 6 विकेट से हराया

**लखनऊ।** पूर्व चैंपियन मुंबई इंडियंस ने अमेलिया केर (पांच विकेट) की शानदार गेंदबाजी और हेली मैथ्यूज (68 रन, दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन से बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग के मैच में यूपी वारियर्स को नौ गेंद रहते छह विकेट से पराजित कर उसकी प्लेऑफ की उम्मीद खत्म कर दी। मुंबई ने इस जीत से अपने नेट रन रेट में इजाफा किया और वह आठ अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गई। वह शीर्ष पर काबिज दिल्ली से दो अंक पीछे है और उसका एक मैच भी बचा है। उसके पास शीर्ष पर पहुंचकर फाइनल में सीधे जगह बनाने का मौका है। डब्ल्यूपीएल में शीर्ष टीम सीधे फाइनल में पहुंचती है जबकि दूसरे और तीसरे स्थान की टीम एलिमिनेटर खेलती हैं।

---

# भारत ने 92 साल के इतिहास में खेले 13 आईसीसी फाइनल, जीते छह विश्व खिताब, 7वें का इंतजार

**भारत और न्यूजीलैंड के बीच 9 को होगा खिताबी मुकाबला**

एजेंसी ▶▶ दुबई

भारत 25 जून 1932 से क्रिकेट खेल रहा है। इस दौरान भारतीय टीम ने 13 बार फाइनल में जगह बनाई है। 92 साल में भारत ने छह खिताब जीते हैं और 14वें फाइनल में 7वें खिताब जीतने पर ध्यान है। रोहित शर्मा की अगुआई में भारतीय टीम 2025 में एक और आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने में सफल रही है। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के खिताबी मुकाबले में प्रवेश कर लिया है जहां उसका सामना रविवार को दुबई में न्यूजीलैंड से होगा। भारतीय इस टूर्नामेंट में अब तक अजेय चल रही है और लगातार चार मैच जीतकर फाइनल में पहुंची है। भारत अब खिताब से एक कदम दूर है।

भारत चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल से पहले सभी प्रारूप मिलाकर कुल 13 बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंचा है। इसमें से छह बार टीम खिताब जीतने में सफल रही है। भारत ने 1983, 2002, 2007, 2011, 2013 और 2024 में आईसीसी खिताब जीते हैं। अगर भारत रविवार को न्यूजीलैंड को हराने में सफल रहा तो यह उसका सातवां आईसीसी खिताब होगा, जबकि रोहित की कप्तानी में लगातार दूसरी आईसीसी ट्रॉफी होगी।



**11 साल का इंतजार खत्म**

भारत का पिछले कुछ वर्षों में आईसीसी टूर्नामेंट में प्रदर्शन शानदार रहा है। भारतीय टीम ने पिछले साल टी20 विश्व कप में रोहित की कप्तानी में दक्षिण अफ्रीका को हराकर खिताब जीता था जो 11 वर्षों में उसका पहला आईसीसी खिताब था। भारत का आईसीसी खिताब जीतने का सूखा 2024 में समाप्त हुआ जब टीम इंडिया ने रोहित की कप्तानी में टी20 विश्व कप जीता। अब आठ महीने बाद ही टीम दूसरे आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है और खिताब के बेहद करीब है। भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती हालांकि आसान नहीं रहने वाली है क्योंकि इसी टीम ने करीब चार साल पहले 2021 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था।

### 25 साल बाद खिताबी मैच में भिड़ेंगे भारत-न्यूजीलैंड

भारत और न्यूजीलैंड 25 साल बाद एक बार फिर आईसीसी के सीमित ओवर प्रारूप के खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगी। दिलचस्प बात यह है कि आईसीसी के सीमित ओवर के प्रारूप में आखिरी बार दोनों टीमें फाइनल में 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी (अब चैंपियंस ट्रॉफी) में खेली थीं। उस समय न्यूजीलैंड ने भारत को चार विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया था।

**भारत का खराब प्रदर्शन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | दौर | परिणाम |
|---|---|---|---|
| 2000 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2003 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2014 | टी20 विश्व कप | फाइनल | हार |
| 2017 | चैंपियंस ट्रॉफी | फाइनल | हार |
| 2019 | वनडे विश्व कप | सेमीफाइनल | हार |
| 2021 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | डब्लूटीसी | फाइनल | हार |
| 2023 | वनडे विश्व कप | फाइनल | हार |

**भारत बना चैंपियन**

| वर्ष | टूर्नामेंट | परिणाम |
|---|---|---|
| 1983 | वनडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2002 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |
| 2007 | टी20 विश्व कप | चैंपियन |
| 2011 | नडे विश्व कप | चैंपियन |
| 2013 | चैंपियंस ट्रॉफी | चैंपियन |

---

# भारत श्रीलंका में खेलेगा वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला

**27 अप्रैल से 11 मई तक श्रीलंका की मेजबानी में खेला जाएगा टूर्नामेंट**



एजेंसी ▶▶ कोलंबो

श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने बृहस्पतिवार को कहा कि 27 अप्रैल से 11 मई तक वह महिला वनडे त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी करेगा, जिसमें मेजबान देश के अलावा दो अन्य टीम भारत और दक्षिण अफ्रीका होंगी। यह त्रिकोणीय श्रृंखला इस साल के अंत में भारत में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होगी। श्रीलंका बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तीनों प्रतिस्पर्धी टीमें चार-चार मैच खेलेंगी और टूर्नामेंट का आयोजन यहां आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। टूर्नामेंट की शुरुआत भारत और श्रीलंका के बीच मुकाबले से होगी।

**त्रिकोणीय श्रृंखला का कार्यक्रम**

| दिनांक | टीमें |
|---|---|
| 27 अप्रैल | भारत/श्रीलंका |
| 29 अप्रैल | भारत/द. अफ्रीका |
| 1 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 4 मई | भारत/श्रीलंका |
| 6 मई | भारत/द. अफ्रीका |
| 8 मई | श्रीलंका/द. अफ्रीका |
| 11 मई | फाइनल |

## ओलंपिक तैयारी बैठक की अध्यक्षता करेंगे खेल मंत्री

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया भारत की ओलंपिक तैयारियों के लिए विचारों का आदान-प्रदान करने और एक खाका तैयार करने लिए यहां विभिन्न राज्यों के खेल मंत्रियों, वरिष्ठ प्रशासकों और प्रमुख सरकारी अधिकारियों के साथ दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक का आयोजन सात और आठ मार्च को शहर के कान्हा शांति वनम में किया जाएगा। भारत 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में दोहरे अंक में पदक जीतने की उम्मीद कर रहा है और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भी बोली लगा रहा है। भारत मेजबानी का दावा पेश करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति को पहले ही आशय पत्र सौंप चुका है। खेल मंत्रालय ने कहा, 'विचार-विमर्श खेल प्रशासन को बढ़ाने, जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान, बुनियादी ढांचे के विकास, समावेशिता और सहयोग को बढ़ावा देने पर केंद्रित होगा।'

# मुशफिकुर रहीम ने वनडे से लिया संन्यास

**274 वनडे में बनाए 7795 रन, लगाए 09 शतक**

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मुशफिकुर रहीम ने तत्काल प्रभाव से एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। यह 37 वर्षीय खिलाड़ी बांग्लादेश की उस टीम का हिस्सा था जो चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण से बाहर हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर संन्यास लेने की घोषणा की।

रहीम ने अपने आधिकारिक फेसबुक पेज पर लिखा, 'मैं आज वनडे प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर रहा हूं। मैंने जो भी हासिल किया वह अल्हम्दुलिल्लाह (भगवान का शुक्र है)। हमारी वैश्विक स्तर पर उपलब्धियां सीमित हैं लेकिन एक चीज स्पष्ट है, मैंने जब भी अपने देश की तरफ से मैदान पर कदम रखा तो पूरे समर्पण और ईमानदारी के साथ 100 प्रतिशत से अधिक योगदान दिया। पिछले कुछ सप्ताह मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण रहे हैं, और मुझे अहसास हो गया है कि यही मेरी नियति है। मैं अपने परिवार, दोस्तों और अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करता हूं जिनके लिए मैंने पिछले 19 वर्षों से क्रिकेट खेली है।'



### देश के दूसरे सर्वश्रेष्ठ स्कोरर

रहीम ने लगभग 20 साल पहले वनडे में पदार्पण किया था। उन्होंने अपने देश की तरफ से 274 वनडे खेले जिनमें 36.42 की औसत से 7795 रन बनाए। बांग्लादेश की तरफ से वनडे में उनसे अधिक रन केवल तमीम इकबाल (8357 रन) ने बनाए हैं। रहीम बांग्लादेश की तरफ से 94 टेस्ट और 102 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं। रहीम टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके हैं लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह बांग्लादेश की तरफ से 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बनने की राह पर हैं।

---

**प्राग मास्टर्स**

# अरविंद ने हासिल की बढ़त दूसरे स्थान पर प्रज्ञाननंदा



एजेंसी ▶▶ प्राग

भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने यहां चल रहे प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में काले मोहरों से खेलते हुए नीदरलैंड के अनीश गिरी को हराकर एकल बढ़त हासिल कर ली।

अरविंद ने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बनाए रखी जबकि भारत के एक अन्य खिलाड़ी आर प्रज्ञाननंदा ने टूर्नामेंट से पहले खिताब के दावेदार माने जा रहे चीन के वेई यी के साथ ड्रॉ खेला। अरविंद ने संभावित सात में से अपने अंकों की संख्या पांच कर ली है और अब वह प्रज्ञाननंदा से आधे अंक की बढ़त पर हैं। अब जबकि केवल दो दौर की बाजियां खेली जानी बाकी हैं तब अमेरिका के सैम शैंकलैंड ने वियतनाम के क्वांग लीम ले को हरा दिया। दिलचस्प बात यह है कि क्वांग लीम और गिरी दोनों ने पहली छह बाजियां ड्रॉ खेली थी। अरविंद पांच अंक लेकर शीर्ष पर काबिज हैं जबकि प्रज्ञाननंदा 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। उनके बाद वेई यी, एडिज़, कीमर और शैंकलैंड का नंबर आता है जिनके 3.5 अंक हैं। गिरी, नवारा और लीम के तीन-तीन अंक है जबकि दाई वान 2.5 अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

### लाइव रेटिंग में 5 भारतीय

अरविंद ने गिरी के खिलाफ 24वीं चाल में अपने घोड़े के दम पर बढ़त बनाई और आखिर में 39वीं चाल में जीत हासिल करके रिकॉर्ड बुक में अपना नाम लिखवाया। अरविंद इस जीत से लाइव रेटिंग में 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से लाइव रेटिंग में शीर्ष 15 में अब कम से कम पांच भारतीय शामिल हो गए हैं। विश्वनाथन आनंद 15वें नंबर पर हैं। अरविंद ने पहली बार शीर्ष पंद्रह में प्रवेश किया।

## मिलर ने चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठाए सवाल

**लाहौर।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज डेविड मिलर ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर सवाल उठाते हुए कहा कि दुबई से लौटने के बाद लाहौर में दूसरा सेमीफाइनल खेलना उनकी टीम के लिए आदर्श स्थिति नहीं थी।



दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड से 50 रन से हार गई थी। कराची में ग्रुप चरण का आखिरी मैच खेलने के तुरंत बाद दक्षिण अफ्रीका की टीम को अगली सुबह तड़के दुबई के लिए उड़ान पकड़नी पड़ी। हाइब्रिड मॉडल पर खेले जा रहे इस टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया की टीमों को भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेले गए ग्रुप चरण के मैच के परिणाम आने तक दुबई में डेरा डालना पड़ा।

# तेंदुलकर का अर्धशतक बेकार ऑस्ट्रेलिया ने भारत को हराया

एजेंसी ▶▶ वड़ोदरा

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर की 64 रन की अर्धशतकीय पारी के बावजूद ऑस्ट्रेलिया ने यहां अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग मुकाबले में भारत को 95 रन के बड़े अंतर से पराजित कर दिया।

तेंदुलकर ने 33 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से खेली गई पारी भी भारत लिए काम नहीं आ सकी और 270 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी टीम 20 ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। यूसुफ पठान ने 15 गेंद में तीन चौके और एक छक्के से 25 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह प्रदर्शन शानदार रहा, जिसमें कप्तान शेन वॉटसन (नाबाद 110) और बेन डंक (नाबाद 132) ने दूसरे विकेट के लिए 236 रन की साझेदारी की जिससे टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में एक विकेट पर 269 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। भारत की यह चार मैच में पहली हार है और इसका ज्यादा असर नहीं पड़ा क्योंकि तेंदुलकर की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है।




## राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भाग लेंगे 300 महिला मुक्केबाज

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में 21 से 27 मार्च तक होने वाली आठवीं एलीट महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में 300 से अधिक मुक्केबाज भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सहयोग से किया जाएगा।



इससे पहले 2023 में भी इसी स्थान पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप आयोजित की गई थी। 'वर्ल्ड बॉक्सिंग' और भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित की जाने वाली इस प्रतियोगिता में एक जनवरी 1984 और 31 दिसंबर 2005 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। प्रत्येक राज्य इकाई अधिकतम 10 मुक्केबाजों को मैदान में उतार सकती है।

---

**विलियमसन को आउट कर भारत को दिलाई अहम सफलता**

# 'सफेद गेंद' में भारतीय टीम के खेवनहार बने अक्षर

एजेंसी ▶▶ दुबई

चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप चरण के मैच में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत की जीत के बीच में जब केन विलियमसन खड़े थे तब अक्षर पटेल ने इस स्टार बल्लेबाज का विकेट लेकर फिर से साबित किया कि वह भारतीय टीम में सफेद गेंद के नए खेवनहार हैं।

न्यूजीलैंड के सामने तब 250 रन का लक्ष्य था और विलियमसन 81 रन बनाकर खेल रहे थे। उन्होंने अक्षर पटेल की गेंद पर आगे बढ़कर लंबा शॉट खेलना चाहा लेकिन गेंद ने उन्हें गच्चा दिया और बाकी काम विकेटकीपर केएल राहुल ने पूरा कर दिया। अक्षर के 10 ओवर के कोटे की यह अंतिम गेंद थी जिसने मैच का रुख भारत की तरफ मोड़ दिया था। इस पर हालांकि किसी का बहुत ध्यान नहीं गया क्योंकि इसी मैच में उनके साथी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने पांच विकेट लेकर सबका ध्यान खींच दिया था।



### 5वें नबर पर खींचा ध्यान

एक समय माना जाता था कि रविंद्र जडेजा जैसी समानता रखने के कारण अक्षर को अधिक मौके नहीं मिलेंगे। यह भी सच है कि उन्हें अपने इस सीनियर साथी की छाया से बाहर निकालने के लिए संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने अपने लिए रास्ता बनाने के लिए 2022 से अपनी बल्लेबाजी पर काम किया और टीम प्रबंधन ने जब उन्हें पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा तो वह अपेक्षाओं पर पूरी तरह से खरा उतरे। इससे पहले अक्षर ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारबाडोस में नाबाद 64 रन की पारी खेल कर अपनी बल्लेबाजी में सुधार का संकेत दिया था।

### आलोचकों को दिया जवाब

अनुभवी राहुल की जगह अक्षर को पांचवें नंबर पर उतारने का टीम प्रबंधन का फैसला जोखिम भरा था लेकिन उन्हें इस ऑलराउंडर पर पूरा भरोसा था। अक्षर पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ कोलंबो में खेले गए दूसरे वनडे मैच से नियमित रूप से पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी कर रहे हैं। उन्होंने पहले मैच में ही 44 रन बनाकर जतला दिया था कि वह इस चुनौती के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अक्षर ने इसके बाद पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 52, नाबाद 41, 8, नाबाद 3, 42 और 27 रन बनाए हैं। यह आंकड़े भले ही आकर्षक नहीं हों लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि उन्होंने मुश्किल परिस्थितियों में यह जिम्मेदारी संभाली।

## चिंतन

# विश्व को ट्रेड वॉर की ओर धकेल रही ट्रंप की सनक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ सनक ने पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर छिड़ने की आशंका पैदा कर दी है। डोनाल्ड ट्रंप मेक्सिको, कनाडा और चीन पर टैरिफ लगा चुके हैं। इसके जवाब में कनाडा ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर आयात शुल्क लगाने की घोषणा कर दी है। अब ट्रंप चीन और कनाडा ही नहीं, भारत पर भी भारी टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं। राष्ट्रपति ने अमेरिकी संसद के ज्वाइंट सेशन को संबोधित करते हुए भारत के साथ जैसे तो तैसा टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। यह भी नहीं है कि ट्रंप ऐसा पहली बार कर रहे हैं। उनके पहले कार्यकाल के दौरान भी भारत से आयातित एल्युमिनियम और स्टील पर उच्च टैरिफ लगाए थे, जिसका असर भारत सहित कई देशों पर पड़ा था। इसके जवाब में भारत ने भी अमेरिकी वस्तुओं पर टैरिफ लगाया था। अब सवाल यह उठ रहा है कि अगर डोनाल्ड ट्रंप भारत पर भी टैरिफ लगाते हैं तो इसका क्या असर होगा। क्या इसकी मार सिर्फ भारत पर ही पड़ेगी या फिर अमेरिका भी ट्रंप की 'टैरिफ सनक' की आग से झुलसेगा। यह तो साफ है कि भारतीय आयात पर टैरिफ लगाने का असर न केवल दोनों देशों के राजनयिक रिश्तों पर पड़ेगा बल्कि भारत और अमेरिका दोनों के उद्योगों और आम लोगों पर भी पड़ेगा। अमेरिका और चीन भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने पर निश्चित तौर पर भारत हाथ पर हाथ धरे नहीं बैठेगा। वह भी जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा। ऐसे में अमेरिका का भारत के साथ किसी छुटभैया देश की तरह व्यवहार करना सुपरपावर के लिए महंगा सौदा साबित हो सकता है। वित्त वर्ष 2023-24 में दोनों देशों के बीच व्यापार 119.71 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। इसमें भारत का लगभग 35.31 अरब डॉलर का ट्रेड सरप्लस है। इसका मतलब है कि देश के निर्यात का मूल्य उसके आयात के मूल्य से अधिक है। अमेरिका भारतीय सामान पर टैरिफ बढ़ाता है तो यह व्यापार संतुलन बिगड़ सकता है। इससे भारतीय उद्योगों के लिए चुनौतियां पैदा होंगी, लेकिन इसका सीधा असर अमेरिका पर भी पड़ेगा। वहां महंगाई बढ़ने का खतरा पैदा होगा। जब ट्रंप प्रशासन ने पहली बार टैरिफ लगाया था तो अमेरिका में महंगाई की मार शुरू हो गई थी। ट्रंप चाहते हैं कि भारत अमेरिकी सामानों पर टैरिफ कम करे और उनसे अधिक खरीदे। ट्रंप और मोदी के बीच हाल ही में हुई वार्ता के बाद अमेरिका ने व्यापारिक संबंध बढ़ने के महत्व पर जोर तो दिया, लेकिन संसद में ट्रंप ने टैरिफ लगाने का ऐलान करके नई स्पर्धा खड़ी कर दी है। अमेरिका से भारत को कच्चा तेल और पेट्रोलियम पदार्थों का आयात सबसे ज्यादा किया जाता है। मोती, कीमती पत्थर और नकली आभूषणों का इसके बाद नंबर आता है। इसके अलावा भारत अमेरिका से स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, परमाणु रिएक्टर और बॉयलर जैसे पावर प्लांट के उपकरण, विद्युत मशीनरी और उपकरण, विमानन, चिकित्सा और सैन्य उपकरण भी बड़ी मात्रा में खरीदता है। भारत अमेरिका को हीरे और आभूषण, चिकित्सा उपकरण और सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, कृषि उत्पाद, टेक्सटाइल और परिधान, बैग, जूते आदि निर्यात करता है। अमेरिका भारत के सॉफ्टवेयर और अन्य सर्विसेज के लिए भी बड़ा बाजार है। टैरिफ वार शुरू होने से इन उद्योगों पर सीधा असर पड़ेगा। पहले से ही ट्रंप की टैरिफ वार से दुनियाभर के शेयर बाजार दहशत में हैं। अगर वे लगातार ऐसे ही फैसले लेते हैं तो नई विश्व ट्रेड वार छिड़ने की आशंका है। वे पूरी दुनिया के लिए घातक होगी।




टैरिफ कटौती
प्रो. अश्वनी महाजन

# टेस्ला का भारतीय ईवी उद्योग पर असर

टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं।

लंबे समय से इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली एक अमेरिकी कंपनी टेस्ला, जिसकी इलेक्ट्रिक कारें अमेरिका और अन्य देशों में काफी लोकप्रिय है, भारत में अपनी कारों को बेचने के लिए प्रयास करती रही है। कंपनी का यह कहना है कि पहले उसे अपनी कारें बेचने हेतु मार्ग प्रशस्त किया जाए, और बाद में कंपनी भारत में उत्पादन केंद्र खोलकर यहीं पर विनिर्माण शुरू करने पर विचार करेगी। गौरतलब है कि लंबे समय से भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र के संरक्षण हेतु सरकार विदेशों से आने वाले वाहनों पर भारी आयात शुल्क लगाती रही है। अभी तक 40 हजार डॉलर की कीमत से ज्यादा की कारों पर 110 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया जाता है। 40 हजार डालर से कम की कारों पर आयात शुल्क 60 प्रतिशत है। टेस्ला कंपनी के संस्थापक एलन मस्क, जो डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिकी प्रशासन में एक अहम भूमिका रखते हैं, का लगातार यह आग्रह रहा है कि टेस्ला कारों के भारत में आयात पर शुल्क घटाया जाए। हाल ही में प्रस्तुत केंद्र सरकार के बजट में 40 हजार डालर से अधिक कीमत वाली कारों पर आयात शुल्क 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। आयात शुल्क घटने के बाद ऐसा माना जा रहा है कि भारत में टेस्ला कारों की बिक्री का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके साथ ही टेस्ला कंपनी ने भारत में अपने शोरूम खोलने की कवायद शुरू कर दी है। गौरतलब है कि लंबे समय तक भारत की ऑटोमोबाइल कंपनियां टेस्ला समेत सभी कारों के आयात पर शुल्क घटाने का विरोध करती रही हैं। उनका विरोध बिना कारण नहीं रहा। जब लगभग तीन साल पहले भारत में टेस्ला कंपनी ने आयात शुल्क घटाने हेतु लॉबिंग शुरू की थी, तब तक देश में इलेक्ट्रिक कारों का उत्पादन अत्यंत शैशव अवस्था में था।

भारतीय कंपनियों का कहना था कि यदि इस स्थिति में टेस्ला कंपनी की विनिर्मित कारों पर आयात शुल्क घटाया जाता है तो उनके द्वारा देश में विकसित इलेक्ट्रिक कारों के विकास में बाधा आएगी। एक वर्ष पहले भी इसी प्रकार का प्रयास टेस्ला कंपनी द्वारा किया गया था, तो ऐसे में भारत सरकार ने यह शर्त लगाई थी कि टेस्ला कंपनी भारत में अपना उत्पादन केंद्र शुरू करेगी। जहां तक कारों के आयात का प्रश्न है, कंपनी को 15 प्रतिशत के अत्यंत कम आयात शुल्क पर अधिकतम आठ हज़ार कारों के आयात हेतु अनुमति दी गई थी। अभी जहां आयात शुल्क को 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत किया गया है, अधिकतम कारों की सीमा को बढ़ाकर 50 हजार करने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही देश में यह बहस शुरू हुई है कि टेस्ला कंपनी को कम आयात शुल्क पर अधिक कारें आयात करने की अनुमति से भारत के इलेक्ट्रिक कारों के विनिर्माण पर क्या असर पड़ सकता है? समझना होगा कि भारतीय ईवी उद्योग तेजी से बढ़ रहा है, जिसका बाजार आकार 20 प्रतिशत वार्षिक से भी अधिक तेजी से, 2032 तक लगभग 118 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। हालांकि, वर्तमान में कुल वाहन बिक्री में ईवी की मात्र 5 प्रतिशत ही हिस्सेदारी है, लेकिन दो पहिया और तिपहिया वाहनों की श्रेणियों में ईवी को तेजी से अपनाने के कारण यह संख्या 2030 तक 40 प्रतिशत तक पहुंचने की उम्मीद है। इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने और विनिर्माण के लिए



एक दृढ़ और अनुकूल सरकारी नीतियां रही हैं। इसके अलावा, इलेक्ट्रिक दो पहिया और तिपहिया वाहनों की बढ़ती मांग ईवी उद्योग के लिए एक प्रेरक शक्ति रही है। साथ ही, बैटरी की लागत में भी भारी कमी आई है, जिससे इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमतें भी कम हुई हैं। चार पहिया वाहनों के क्षेत्र में टाटा मोटर्स और महिंद्रा एंड महिंद्रा प्रमुख खिलाड़ी हैं, जबकि दो पहिया वाहनों के क्षेत्र में ओला एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरी है। टेस्ला कारों पर टैरिफ़ में कटौती के बाद भी टेस्ला कारों की ऑन-रोड कीमत 45 लाख रुपये से दो करोड़ रुपये के बीच होगी। दूसरी ओर, ज़्यादातर भारतीय ईवी कारों की कीमत आठ लाख रुपये से 20 लाख रुपये के बीच ही है। इसलिए, यह मानना कि टेस्ला कारों के आने से भारतीय इलेक्ट्रिक कारों के उत्पादन और बिक्री पर बुरा असर पड़ेगा, सच नहीं है। भारत सरकार विभिन्न पहलों के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है। ईवी पर वस्तु और सेवा कर (जीएसटी) को 12% से घटाकर 5% कर दिया गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद पर कुछ सीमा तक सब्सिडी भी दी जाती है। सरकार डिजिटल लेनदेन जैसे कुशल चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर स्थापित करने के लिए भी प्रोत्साहन दे रही है। ईवी और उनके घटकों के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की गई है। सरकार ने 2025 तक ईवी के लिए 2.7 लाख सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित करने का लक्ष्य भी रखा है। राज्यों द्वारा भी ईवी नीतियों को लागू किया जा रहा है, जिसमें 50 प्रतिशत राज्यों की अपनी ईवी नीतियां हैं। इन नीतियों में ईवी खरीद के लिए वित्तीय प्रोत्साहन, रोड टैक्स और कार पंजीकरण शुल्क से छूट और ईवी खरीद के लिए कम ऋण ब्याज दरें शामिल हैं। दिल्ली और कई अन्य राज्यों में ईवी को रोड टैक्स के भुगतान से छूट दी गई है। कुल मिलाकर, भारत सरकार और राज्य सरकारें राजकोषीय और गैर-राजकोषीय प्रोत्साहन, उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन और राज्य ईवी नीतियों के माध्यम से ईवी उद्योग को व्यापक बढ़ावा दे रही हैं। टेस्ला समेत आयातित कारों पर टैरिफ कम करने के सरकार के इस फैसले के बाद, ऐसा लग रहा है कि टेस्ला भारतीय ईवी बाजार का एक बड़ा हिस्सा छीन सकती है। लेकिन सच्चाई यह है कि टैरिफ कम करने के बाद भी टेस्ला भारत में अधिकतम 50,000 वाहन ही बेच सकती है। अगर हम देश में इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री देखें तो चीनी दिग्गज पहले ही ईवी बाजार के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करना शुरू कर चुके हैं। हालांकि, भारत सरकार ने चीन से निवेश पर खासी कड़ाई कर दी है, जिसने भारत में चीनी ईवी खिलाड़ियों की योजनाओं को धूमिल कर दिया है, लेकिन इसके बावजूद चीनी कंपनियां अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ साझेदारी करके इन चुनौतियों से निपटने के तरीके खोज रही हैं।

हालांकि, सुरक्षा चिंताओं के चलते चीनी कारों के भारत में प्रवेश को लेकर सरकार की ओर से की गई प्रतिबंधों के कारण, इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों के मामले में चीन से अभी भी बड़ी चुनौती आ रही है। भारतीय कंपनियों ने बड़े पैमाने पर इलेक्ट्रिक कारों का निर्माण तो शुरू कर दिया है, लेकिन इलेक्ट्रिक वाहनों के कलपुर्जों, खासकर बैटरी और मोटरों के लिए इन कंपनियों की बहुत बड़ी निर्भरता बनी हुई है। वर्तमान बजट में, भारत सरकार ने इन कलपुर्जों के निर्माण के लिए आवश्यक कच्चे माल पर बुनियादी सीमा शुल्क को कम करके इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी और मोटरों के घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहित करने का एक गंभीर प्रयास किया है। यह माना जा सकता है कि आने वाले वर्षों में, आत्मनिर्भर भारत रणनीति के तहत, भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।

(लेखक पीजीडीएवी कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दो टूक
रोहित कौशिक



# अनर्गल बयानों से गिर रही राजनेताओं की साख

इंडियन क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा की फिटनेस को लेकर कांग्रेस की महिला प्रवक्ता डॉ. शमा मोहम्मद की टिप्पणी से एक नया हंगामा हो गया है। शमा मोहम्मद ने रोहित शर्मा को मोटा खिलाड़ी बताया और उन्हें वजन कम करने की सलाह दी थी। हालांकि कांग्रेस ने शमा मोहम्मद के बयान से किनारा कर लिया है लेकिन इस टिप्पणी के बाद कांग्रेस बैठे-बिठाए ही सवालों के घेरे में आ गई है। भाजपा इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस पर हमलावर है। कांग्रेस के राजनेता या प्रवक्ता भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस पर हमलावर होने के मौके दे देते हैं। कांग्रेस के कुछ राजनेता यह समझने के लिए तैयार नहीं हैं कि उन्हें किस तरह का व्यवहार करना है। कांग्रेस के नेता यह गंभीरता कब समझेंगे कि उनके वक्तव्य का समाज पर असर पड़ता है। सार्वजनिक रूप से या फिर सोशल मीडिया पर ऐसे बयान नहीं दिए जाने चाहिए जिससे कांग्रेस की राजनीति पर गलत असर पड़े। पहले तो कांग्रेस के नेता बिना सोचे-समझे बयान दे देते हैं और फिर अपने बयानों पर सफाई देते फिरते हैं। ऐसे माहौल में कांग्रेस पार्टी असमंजस की स्थिति में आ जाती है। केन्द्र और ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस सत्ता से दूर है। क्या ऐसे बयानों से कांग्रेस को कोई लाभ होने की उम्मीद है। निश्चित रूप से ऐसे बयान कांग्रेस की परेशानी ही बढ़ाएंगे। कांग्रेस को यह सोचना होगा कि वह कैसे अपना खोया हुआ जनाधार वापस पा सकती है। जनता कांग्रेस पर तभी विश्वास कर पाएगी, जब कांग्रेस अपने व्यवहार में भी गंभीरता दिखाएगी। शमा मोहम्मद ने एक्स पर लिखा था कि रोहित शर्मा एक खिलाड़ी के तौर पर मोटे हैं। उन्हें वजन कम करने की जरूरत है। साथ ही वह भारतीय टीम के अब तक के सबसे निराशाजनक कप्तान हैं। वह एक औसत कप्तान होने के साथ-साथ औसत खिलाड़ी भी हैं, जिन्हें भारत का कप्तान होने का सौभाग्य मिला है। शमा मोहम्मद मूल रूप से केरल की रहने वाली डेंटिस्ट हैं। उन्हें 2018 में पहली बार कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया पैनलिस्ट के रूप में नियुक्त किया गया था। इसके बाद उन्हें पार्टी का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया। 2019 में भी अपने एक बयान के कारण शमा मोहम्मद चर्चा में आई थीं। उस समय उन्होंने कांग्रेस के टिकट वितरण पर सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा था कि जब संसद में महिला आरक्षण बिल पेश किया गया, ऐसे समय में कांग्रेस को केरल में ज्यादा महिलाओं को टिकट देना चाहिए था। भारतीय जनता पार्टी ने शमा मोहम्मद की टिप्पणी पर कांग्रेस को घेरा। भाजपा के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि जो लोग राहुल गांधी की कप्तानी में 90 चुनाव हार चुके हैं, वे रोहित शर्मा की कप्तानी को अप्रभावी बता रहे हैं। मुझे लगता है कि दिल्ली में 6 बार शून्य पर आउट होना और 90 बार चुनाव हारना प्रभावशाली है लेकिन टी 20 विश्वकप जीतना प्रभावशाली नहीं है। वैसे कप्तान के तौर पर रोहित शर्मा का ट्रैक रिकॉर्ड शानदार है।

हालांकि कांग्रेस के मीडिया प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जो शमा मोहम्मद ने कहा है कि वह पार्टी का स्टैंड नहीं है। शमा को एक्स से संबंधित पोस्ट हटाने के लिए कहा गया है। कांग्रेस भारतीय खिलाड़ियों के योगदान को सर्वोच्च सम्मान देती है। भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा पर टिप्पणी करने के बाद कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद खूब ट्रोल हो रही हैं। एक्स पर रोहित शर्मा के फैन्स शमा से नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस टिप्पणी को अनुचित बताया है। राहुल गांधी भी शमा की टिप्पणी से नाराज बताए जा रहे हैं। सवाल यह है कि कांग्रेस के नेता कब तक ऐसी हरकतें करते रहेंगे जो कांग्रेस के लिए अनावश्यक समस्याएं पैदा करें। शायद ऐसे नेताओं को ज्यादा बोलने की बीमारी हो रही है। अतिरेक में कुछ भी कह देना ऐसे नेताओं की आदत में शुमार हो गया है। भाजपा के कई नेता भी अपनी टिप्पणियों के लिए अक्सर चर्चा में रहते हैं। अतिरेक में बयान देने वाले और आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेता चाहे कांग्रेस में हों या फिर भारतीय जनता पार्टी में हों, अपना ओछापन दिखा ही देते हैं। जनप्रतिनिधियों को तो बहुत सोच-समझ कर बयान देने चाहिए लेकिन जनप्रतिनिधि घमंड में इतने चूर हैं कि कुछ भी बयान दे देते हैं। ऐसे बयान वास्तविकता से बहुत दूर होते हैं। बयान बहादुर बनने वाले राजनेताओं को यह सोचना चाहिए कि ऐसे बयानों से राजनीति की गरिमा तो गिरती ही है, राजनेताओं की साख भी दांव पर लग जाती है। राजनीति में राजनेताओं की साख बचे रहना बहुत जरूरी है। यह दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि इस दौर में राजनेताओं के क्रियाकलापों की वजह से उनकी साख लगातर गिरती जा रही है।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## सफलता पाने के लिए मन पर अंकुश ज़रूरी



संकलित
दर्शन

मन अधिक चंचल है, क्योंकि वह माया में रमा हुआ है। उसे जीवन सफलता के मार्ग पर अग्रसर करने के लिए बड़े अंकुश की आवश्यकता होती है। परमात्मा के भय से बड़ा कोई नियंत्रक नहीं है। वह दृष्टिगोचर नहीं है। फिर भी सर्वव्यापी है। उसके कोई अधिकारी नहीं हैं। फिर भी उसका राज्य अनंत एवं व्यवस्था अति सुचारु है। उसने कोई संविधान नहीं बनाया। फिर भी वह गुण-दोष परखकर फल देता जा रहा है। परमात्मा अंतर्यामी है। कुछ भी उसकी दृष्टि से ओझल नहीं है। उसका न्याय होकर रहता है। सांसारिक विधानों से बचा जा सकता है, किंतु परमात्मा की परम शक्ति से नहीं। परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर उसके अनुसार जीवन व्यतीत करना ही दंड से बचने का एकमेव उपाय है। परमात्मा निराकार है, किंतु उसका कौतुक जीवन को प्रत्यक्षतः प्रभावित करता है। परमात्मा का सबसे बड़ा प्रभाव मनुष्य का तन है, जो पांच तत्वों जल, वायु, अग्नि, धरती और आकाश के संयोग से बना है। ये पांचों तत्व परस्पर विपरीत प्रकृति के हैं। वे एक साथ नहीं रह सकते। परमात्मा की ही महिमा है कि एक साथ जीव के तन में बस रहे हैं। इससे बड़ा चमत्कार कोई और नहीं हो सकता। परमात्मा ने अगण्य जीव रचे हैं और नित्य रचता जा रहा है। वह जीवों को रचता ही नहीं, उनका प्रतिपालन भी करता है। उसकी कृपा एवं उसका दंड पल-पल संसार में प्रकट होते हैं। वह राजा से रंक, रंक से राजा, ज्ञानी से अज्ञानी एवं अज्ञानी से ज्ञानी बना रहा है। उसकी लीला वही जानता है।

## व्यक्ति के विचार अच्छे नहीं, तो नीयत साफ नहीं




संकलित
प्रेरणा

महाभारत में द्युत क्रीड़ा में युधिष्ठिर दुर्योधन और शकुनि से सब कुछ हार गए थे। उस समय ये तय हुआ था कि जब पांडव 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा कर लेंगे, तब उन्हें उनका हारा हुआ राज्य लौटा दिया जाएगा। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल, सहदेव और द्रौपदी का 12 वर्ष का वनवास और 1 वर्ष का अज्ञातवास पूरा हो गया था। शर्त के मुताबिक, दुर्योधन को पांडवों का राज्य लौटाना था। इसके लिए श्रीकृष्ण पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर पहुंचे। भगवान ने दुर्योधन से कहा कि पांडवों ने वनवास पूरा कर लिया है, अब उन्हें उनका राज्य लौटा दो। श्रीकृष्ण की बात सुनने के बाद दुर्योधन ने पांडवों को राज्य लौटाने से मना कर दिया। दुर्योधन ने कहा कि वो पांडवों को एक गांव भी नहीं देगा। दुर्योधन की जिद के आगे धृतराष्ट्र, भीष्म, द्रोणाचार्य भी कुछ बोल नहीं सके। इसके बाद श्रीकृष्ण दरबार से जाने लगे तो दुर्योधन ने उनसे कहा कि आप हमारे अतिथि हैं, आप बिना भोजन किए न लौटें। श्रीकृष्ण ने कहा कि मैं किसी के यहां खाना खाते समय दो बातें ध्यान रखता हूं। पहली, मुझे बहुत भूख लगी हो। दूसरी, सामने वाला मुझे बहुत प्रेम से खिला रहा हो। अभी ये दोनों ही बातें नहीं हैं, न तो मुझे भूख है और न ही तुम मुझे प्रेम से निमंत्रण दे रहे हो। जैसा तुम्हारा स्वभाव है, इसमें भी कोई षड़यंत्र हो सकता है। इतना कहकर श्रीकृष्ण वहां से चले गए और बाद में भगवान ने विदुर के यहां भोजन किया था।

## अंतर्मन

पुराने कांग्रेसी नेता मणीशंकर अय्यर का राजीव गांधी की शिक्षा पर विवादित बयान




## आज की पाती


### मतदान के लिए न आना वाकई चिंताजनक

राजनीति और लोकतंत्र की ताकत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) में निहित है। आखिरकार, मतदान एक महत्वपूर्ण शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है और हर मतदाता के लिए इसे पहचानना महत्वपूर्ण है। राष्ट्र हमारा है और हमारा लोकतंत्र भी हमारा है। इस लोकतांत्रिक व्यवस्था में, वोट की सबसे बड़ी ताकत होती है। इस शक्ति से हम अपना और अपने बच्चों का भविष्य संवारते हैं। इसलिए 18 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति का यह कर्तव्य है कि वह चुनाव में भाग ले। मतदान न करने का विकल्प चुनना अनिवार्य रूप से इस लोकतांत्रिक दायित्व से विमुख होना है। हर मतदाता को अपने व्यस्त जीवन के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में शामिल होने का प्रयास करना चाहिए। जिस तरह लोग सुख-समृद्धि के लिए पूजा स्थलों पर जाने को समय निकालते हैं, उसी तरह मतदान के लिए भी समय निकालना चाहिए। *-साकेत अग्रवाल, महासमुंद*

## करंट अफेयर

# कश्मीर पर जयशंकर की टिप्पणी 'बेबुनियाद': पाक


पाकिस्तान ने कश्मीर के संबंध में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की टिप्पणी को 'बेबुनियाद' बताते हुए बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। साथ ही इस मुद्दे के समाधान की मांग की। जयशंकर ने बुधवार को लंदन में चैथम हाउस थिंक-टैंक के एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा था कि कश्मीर विवाद का समाधान 'कश्मीर के चुराए गए हिस्से की वापसी के बाद होगा, जो अवैध रूप से पाकिस्तान के कब्जे में है।' पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने अपनी साप्ताहिक प्रेस वार्ता में जयशंकर की इस टिप्पणी को खारिज कर दिया और भारत से कश्मीर के उस हिस्से को खाली करने को कहा, जिस पर उसने कब्जा कर रखा है। खान ने कहा, 'हम पांच मार्च को लंदन के चैथम हाउस में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान जम्मू-कश्मीर को लेकर भारत के विदेश मंत्री की ओर से की गई टिप्पणी को खारिज करते हैं।' उन्होंने कहा, 'आजाद जम्मू-कश्मीर के बारे में बेबुनियाद दावे करने के बजाय भारत को पिछले 77 वर्षों से अपने कब्जे में रखे गए जम्मू-कश्मीर के एक बड़े क्षेत्र को खाली कर देना चाहिए।'



## ऑफ बीट

# अपने दर्द को 10 में से अंक देना क्यों मुश्किल है?

सबसे सामान्य पैमाना 50 सालों से है। यह लोगों से उनके दर्द को शून्य (कोई दर्द नहीं) से लेकर दस (आमतौर पर 'सबसे तेज दर्द जिसकी कल्पना की जा सकती है') तक रेट करने के लिए कहता है। यह दर्द के सिर्फ एक पहलू -इसकी तीव्रता- पर ध्यान केंद्रित करता है ताकि मरीज की हालत क्या है इसे तेजी से समझा जा सके।यह कितना दर्दनाक है? क्या यह बदतर हो रहा है? क्या उपचार से यह ठीक हो रहा है? रेटिंग स्केल समय के साथ दर्द की तीव्रता का पता लगाने के लिए उपयोगी हो सकते हैं। अगर दर्द के अंक आठ से चार हो जाते हैं, तो इसका मतलब है कि आप बेहतर महसूस कर रहे हैं - यह भी हो सकता है कि आपका चार अंक किसी अन्य व्यक्ति के चार अंक से अलग हो। शोध से पता चलता है कि क्रोनिक (पुराने) दर्द की गंभीरता में दो अंक (या 30) की कमी आमतौर पर एक ऐसे परिवर्तन को दर्शाती है जो दैनिक जीवन में अंतर लाता है। पेचीदा अनुभव पता करने के लिए बेहद संकुचित माध्यम मेरी बेटी की दुविधा पर विचार करें। कोई व्यक्ति सबसे भयानक दर्द की कल्पना कैसे कर सकता है? क्या हर कोई एक सी ही कल्पना कर सकता है?



## ट्रेंड

### शीतकालीन पर्यटन



देवभूमि उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को बढ़ावा देने का प्रयास अत्यंत सराहनीय है। हर्षिल में इसी से जुड़ी ट्रैक और बाइक रैली में शामिल लोगों के जोश और उत्साह ने नई ऊर्जा से भर दिया है।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### नेशनल कोआर्डिनेटर



अब रामजी गौतम व रणधीर बेनीवाल दोनों बीएसपी नेशनल कोआर्डिनेटर के रूप में सीधे तौर पर देश के विभिन्न राज्यों की जिम्मेदारियों को संभालेंगे। पार्टी को उम्मीद है कि ये लोग पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ कार्य करेंगे।
-मायावती, पूर्व सीएम, उप्र

### फेरोक्रोम का महत्व



क्या आप जानते हैं स्टील को 'स्टेनलेस' क्या बनाता है। फेरोक्रोम जो क्रोमियम से बनता है। इसमें अद्भुत जंगरोधी गुण होते हैं जो स्टील को खाना पकाने के बर्तनों से लेकर कारों तक के अनुप्रयोगों में इस्तेमाल करने में सक्षम बनाते हैं।
-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

### वन्यजीव कल्याण



अनंत अंबानी और वंतारा में उनकी पूरी टीम वन्यजीव कल्याण में उल्लेखनीय बदलाव ला रही है। बचाव, पुनर्वास और संरक्षण के प्रति उनका समर्पण एक अधिक टिकाऊ और दयालु पारिस्थितिकी तंत्र को आकार दे रहा है।
-विराट कोहली, क्रिकेटर

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# शादी का वादा तोड़ना दुष्कर्म नहीं, न आत्महत्या के लिए प्रेरित करना

## 16 साल लिवइन के बाद ऐसे आरोप गलत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में कहा कि 16 साल तक लिवइन रिलेशनशिप में रहने के बाद कोई महिला दुष्कर्म का आरोप नहीं लगा सकती। सिर्फ शादी करने का वादा तोड़ने से दुष्कर्म का मामला नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो जाए कि शुरुआत से ही शादी की कोई मंशा नहीं थी। महिला ने 2022 में अपने पूर्व लिवइन पार्टनर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसका आरोप था कि 2006 में पार्टनर जबरदस्ती उसके घर में घुसा और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी का झांसा देकर 16 साल तक उसका शोषण किया। फिर किसी दूसरी महिला से शादी कर ली।

**महिला ने 2022 में अपने पूर्व लिवइन पार्टनर पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया**

*2006 में पार्टनर जबरदस्ती घर में घुसा*

*महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाए और शादी का वादा किया*

*16 साल तक शोषण किया और बाद में वादे से मुकर गया*

» सिर्फ शादी करने का वादा तोड़ने से दुष्कर्म का मामला नहीं बनता, जब तक यह साबित न हो जाए कि शुरुआत से ही शादी करने की कोई मंशा थी ही नहीं

**केस खत्म करते हुए कहा कि इसे जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा**



अगर कोई महिला इतने समय तक रिश्ते में रहती है, तो इसे धोखा या जबरदस्ती नहीं कहा जा सकता है। यह मामला लिवइन रिलेशनशिप के बिगड़ने का है, न कि दुष्कर्म का।

### पढ़ी-लिखी महिला इतने साल धोखे में कैसे रह सकती है

जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अगर कोई महिला इतने समय तक रिश्ते में रहती है, तो इसे धोखा या जबरदस्ती नहीं कहा जा सकता है। यह मामला लिवइन रिलेशनशिप के बिगड़ने का है, न कि रेप का। कोर्ट ने सवाल उठाया कि एक पढ़ी-लिखी और आत्मनिर्भर महिला इतने सालों तक किसी के धोखे में कैसे रह सकती है। ऐसा कैसे हो सकता है कि जब अचानक उसका पार्टनर किसी और से शादी कर ले, तब केस दर्ज कराए। कोर्ट ने मामला खत्म करते हुए कहा कि केस जारी रखना कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग होगा।

### आत्महत्या करने पर दूसरे व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जा सकता

इसी तरह के एक अन्य मामले के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 2024 में कहा था कि ब्रेकअप या शादी का वादा तोड़ना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं हो सकता। हालांकि, ऐसे वादे टूटने पर शख्स इमोशनली परेशान हो सकता है। अगर वह सुसाइड कर लेता है, तो इसके लिए किसी दूसरे व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जा सकता। जस्टिस पंकज मित्तल और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया था। कर्नाटक हाईकोर्ट आरोपी कमरुद्दीन दस्तगीर सनदी को अपनी गर्लफ्रेंड को धोखा देने और आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया गया था। हाईकोर्ट ने आरोपी को 5 साल की जेल और 25 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले को क्रिमिनल केस न मानकर नॉर्मल ब्रेकअप केस माना था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट से पहले ट्रायल कोर्ट भी आरोपी को बरी कर चुका था।

## खबर संक्षेप

### गठबंधन की सरकार में बिहार में शराब बिकेगी

**पटना।** इस वक्त बिहार से बड़ी खबर है। कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास ने बिहार में शराबबंदी पर बड़ा बयान दिया है। दास ने कहा कि अगर बिहार में महागठबंधन की सरकार बनेगी तो फिर से शराब की बिक्री शुरू होगी। दास ने कहा कि जैसे ठेका से शराब की बिक्री पहले होती थी, फिर से वैसे ही शराब की बिक्री होगी। कांग्रेस महागठबंधन में आरजेडी की सहायक है।



### देहरादून में सील किए गए 11 मदरसे

**देहरादून।** प्रशासन द्वारा 28 फरवरी को जारी किए गए ऑर्डर के बाद प्रशासन ने जिले में 11 मदरसे सील कर दिए गए हैं। इन मदरसों को सील किए जाने की वजह राज्य मदरसा बोर्ड या शिक्षा विभाग में पंजीकरण न होना बताया गया है। जनवरी में लोकल बॉडी इलेक्शन से पहले राज्य सरकार ने सत्यापन अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी पर कार्रवाई की गई है।



### उदयनिधि पर नई प्राथमिकी नहीं होगी दर्ज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट से तमिलनाडु के उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने ने निर्देश दिया कि उदयनिधि के सनातन धर्म संबंधी कथित बयान के लिए उनके खिलाफ बिना अनुमति के कोई नई प्राथमिकी नहीं दर्ज की जाएगी। स्टालिन को बलपूर्वक कार्रवाई से संरक्षण देने वाले अंतरिम आदेश की अवधि को भी बढ़ा दिया है।



### इलाहाबादिया और अपूर्वा के बयान दर्ज

**नई दिल्ली।** इंडियाज गॉट लैटेंट' शो आपत्तिजनक टिप्पणी मामले की जांच जारी है। रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा माखीजा ने 'राष्ट्रीय महिला आयोग' में बयान दर्ज कराए। रणवीर और अपूर्वा मुखीजा इंडियाज गॉट लैटेंट के दो प्रोड्यूसर्स सौरभ बोथरा और तुषार पुजारी के साथ पहुंचे। आशीष चंचलानी के वकील आयोग में पेश हुए।



### मरांडी बने झारखंड में नेता प्रतिपक्ष

**रांची।** भाजपा ने गुरुवार को धनवारसीट से विधायक बाबूलाल मरांडी को झारखंड विधानसभा में अपने विधायक दल का नेता नियुक्त किया। रांची में एक बैठक के दौरान, मरांडी, जो राज्य भाजपा अध्यक्ष भी हैं, को सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। मरांडी ने एक पोस्ट में पीएम मोदी, अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृह मंत्री अमित शाह का आभार माना है।



## पीएम ने मां गंगा के मंदिर में पूजन किया, बाइक रैली को किया रवाना

# रोजगार के अवसर पैदा करने को 'पर्यटन के 360-डिग्री दृष्टिकोण' की आवश्यकता : मोदी

**पीएम मोदी का उत्तराखंड दौरा, बोले-राज्य में किसी सीजन में टूरिज्म बंद नहीं होगा**

भाषा ▶▶ हरसिल (उत्तराखंड)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उत्तराखंड में बारहमासी पर्यटन की पुरजोर वकालत करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि इस खूबसूरत पहाड़ी राज्य में कोई 'ऑफ़ सीजन' नहीं होना चाहिए और हर सीजन 'ऑन सीज़न' रहे जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को बड़े पैमाने पर मजबूती मिलेगी। मुखबा में देवी गंगा के शीतकालीन प्रवास स्थल में पूजा-अर्चना करने के बाद हरसिल में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि अगर पर्यटक सर्दियों में प्रदेश में आएंगे तो उन्हें उत्तराखंड की वास्तविक आभा देखने को मिलेगी। मोदी ने राज्य में शीतकालीन पर्यटन के लिए गढ़वाली भाषा में एक नया शब्द 'घाम तापो पर्यटन' (धूप सेंको पर्यटन) गढ़ते हुए कहा, ''सर्दियों में जब देश के बड़े हिस्से में कोहरा छाया होता है, तो पहाड़ों पर धूप का आनंद होता है ।''राज्य सरकार की प्रशंसा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल भर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए 'पर्यटन के 360-डिग्री दृष्टिकोण' की जरूरत है ।



**पहाड़ों में मार्च, अप्रैल और जून में बड़ी संख्या में पर्यटक आते**

प्रधानमंत्री ने कहा कि अभी पहाड़ों में मार्च, अप्रैल और जून में बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं लेकिन उसके बाद इनकी संख्या कम हो जाती है। उन्होंने कहा, ''सर्दियों में होमस्टे और होटल खाली पड़े रहते हैं। यह असंतुलन उत्तराखंड में साल के एक बड़े हिस्से में आर्थिक सुस्ती ला देता है ।''

### आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने में मिलेगी मदद

मोदी ने कहा कि वह चाहते हैं कि उत्तराखंड में पर्यटन के लिहाज से कोई भी सीजन 'ऑफ़ सीजन' न हो और हर सीजन 'ऑन सीज़न' रहे । उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड को अपना आर्थिक सामर्थ्य बढ़ाने में मदद मिलेगी । उन्होंने कहा, ''अपने पर्यटन क्षेत्र को विविधतापूर्ण बनाना और उसे बारहमासी बनाना उत्तराखंड के लिए बहुत जरूरी है ।'

**मां गंगा ने मुझे बुलाया**

### गद्दीस्थल मुखबा में आकर हुआ अभिभूत

*प्रधानमंत्री ने कहा कि वह देवी गंगा के शीतकालीन गद्दीस्थल मुखबा में आकर अभिभूत हैं । उन्होंने कहा, ''मुझे मां गंगा ने बुलाया है । उन्हीं के आशीर्वाद से मैं काशी तक पहुंचा और सांसद के रूप में वहां लोगों की सेवा करने का मौका मिला । मोदी ने अपने संबोधन की शुरूआत भी 'गंगा मैया की जय' के जयकारे के साथ की । उन्होंने हाल ही में चमोली जिले के माणा गांव में हुए हिमस्खलन में सीमा सड़क संगठन के शिविर में आठ श्रमिकों की मौत पर भी दुख व्यक्त किया । मोदी ने हरसिल में आदिवासी गांव जादूंग के लिए एक ट्रेक और बाइक यात्रा को भी झंडी दिखाई और कहा कि यह उत्तराखंड में पर्यटन का लाभ दिलाने में मदद करेगा ।*

### केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए 6,000 करोड़ की रोपवे परियोजना

उन्होंने कहा कि 1962 में जब चीन ने भारत पर आक्रमण किया था तो सीमांत जादूंग गांव को खाली करा लिया गया था । उन्होंने कहा, ''अब उसे नए सिरे से बसाने और विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।'' अपनी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीईए) द्वारा राज्य में केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए मंजूर की गयीं दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा कि केदारनाथ मंदिर पहुंचने के लिए आठ-नौ घंटे की यात्रा को रोपवे घटाकर केवल 30 मिनट कर देगा। प्रधानमंत्री के दौरे से एक दिन पहले उनकी अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने केदारनाथ और हेमकुंड साहिब के लिए 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की दो प्रमुख रोपवे परियोजनाओं को मंजूरी दी थी।



## अतीक की प्रॉपर्टी समझ 5 घर ढहाए

# बुलडोजर एक्शन पर शीर्ष कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को फटकारा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर एक्शन को लेकर एक बार फिर यूपी सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा, वह प्रयागराज में गिराए गए मकानों को सरकार के खर्च पर दोबारा बनवाने का आदेश दे सकता है। बार एंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक-प्रयागराज के वकील जुल्फिकार हैदर, प्रोफेसर अली अहमद, दो महिलाओं और एक अन्य व्यक्ति ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इन सभी के घर अगल-बगल में एक ही प्लॉट पर थे। मार्च 2021 में नोटिस मिलने के एक दिन बाद ही उनके घर गिरा दिए गए थे। न नोटिस देने का टाइम दिया गया, न ही कानूनी बचाव का मौका मिला। पीड़ितों का कहना है कि राज्य सरकार ने गलती से उनकी जमीन को गैंगस्टर अतीक अहमद की संपत्ति मान लिया था।

### इस तरह तोड़फोड़ चौंकाने वाली

सुप्रीम कोर्ट ने 5 मार्च को इस मामले की सुनवाई की थी, जिसकी रिपोर्ट आज, गुरुवार को सामने आई। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने कहा, इस तरह की तोड़फोड़ चौंकाने वाली है और गलत संकेत देती है। यह बिल्कुल सही नहीं है। इसमें सुधार की आवश्यकता है। राज्य सरकार की तरफ से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी पेश हुए। उन्होंने कहा, उनके पास याचिकाकर्ताओं की संपत्ति को गिराने के लिए नोटिस देने के कारण मौजूद हैं। इस पर जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अनुच्छेद 21 के तहत, किसी भी व्यक्ति को कानून में तय प्रक्रिया के मुताबिक ही उसके जीवन और व्यक्तिगत आजादी से वंचित किया जा सकता है।

### » अतीक अहमद की जमीन समझ ली थी

पीड़ितों की तरफ से वकील अभिमन्यु भंडारी दलील दे रहे थे। उन्होंने कहा, अतीक अहमद नाम का एक गैंगस्टर था, जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी। उन्होंने हमारी (पीड़ितों की) जमीन को उसकी जमीन समझ लिया। उन्हें (राज्य को) अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिए। अटॉर्नी जनरल ने कहा, याचिकाकर्ताओं को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया गया था। लेकिन जस्टिस ओका इससे सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया।

## राजस्थान का विजयनगर ब्लैकमेल कांड

# एसपी को दी एसआईटी की जिम्मेदारी गहन विश्लेषण और व्यापक जांच होगी

एजेंसी ▶▶ अजमेर

राजस्थान के बिजयनगर रेप-ब्लैकमेल कांड में जांच के लिए एसआईटी गठित कर दी गई है। अजमेर रेंज के डीआईजी के निर्देशन में एसआईटी का गठन किया गया है। इसका नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) नेमसिंह करेंगे। टीम में अतिरिक्त एसपी भूपेंद्र शर्मा, मसूदा सीओ (सर्किल ऑफिसर) सज्जन सिंह, सीआई (सर्किल इंस्पेक्टर) विद्या मीना, बिजयनगर थानाधिकारी करण सिंह और एसआई पारुल यादव भी शामिल हैं। नेम सिंह ने बताया कि टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। जांच में किसी भी तरह की कमी को दूर करेगी। पीड़ितों और उनके परिवारों से बात करेंगे। साक्ष्यों का गहन विश्लेषण कर उसकी व्यापक जांच सुनिश्चित करेंगे।

» पीड़िताओं ने ब्रह्मा को ज्ञापन देकर न्याय की गुहार लगाई



**अब तक 14 आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिगों को सुधार गृह भेजा**

अब तक मामले में कुल 14 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। आरोपी अमन स्कूली लड़कियों से दोस्ती करता था और आरोपियों से उनकी मुलाकात करवाता था। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है।

## हिमाचल में बर्फबारी से 233 सड़कें बंद



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में पिछले दो दिनो से बर्फबारी का दौर जारी है। पूरा इलाका बर्फ की सफेद चादर से ढंक गया है। 233 सड़कें बंद हो गई हैं। होटल बुकिंग में बढ़ोतरी हुई है। वहीं, वाहन फिसलने की घटनाओं में 4 लोगों की मौत हो गई है।

## राजस्थान के सिरोही में बड़ा हादसा

# कार और ट्रॉले की टक्कर में पति पत्नी और बेटे समेत 6 की मौत

एजेंसी ▶▶ सिरोही

राजस्थान के सिरोही जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। नेशनल हाईवे-27 पर एक कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। हादसे में 6लोगों की मौत हो गई। इनमें दंपती और उनका बेटा भी शामिल हैं। एक महिला का गंभीर हालत में अस्पताल में इलाज चल रहा है। कार सवार सभी लोग राजस्थान के जालोर जिले के रहने वाले हैं। सभी गुजरात के अहमदाबाद से जालोर लौट रहे थे, इस दौरान गुरुवार तड़के करीब तीन बजे आबूरोड क्षेत्र के किवरली में कार और ट्रॉले की टक्कर हो गई। 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को आबूरोड अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां, 2ने दम तोड़ दिया। एक महिला को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में सिरोही रेफर कर दिया गया। पुलिस टीम ने क्रेन की मदद से ट्रॉले में फंसी कार को बाहर निकाला और फिर शवों व घायलों को निकालने के लिए क्रेन से कार के दरवाजे तोड़े और उसके अन्य हिस्सों को भी अलग किया। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल में लगी हुई है।



## राष्ट्रपति 'नारी शक्ति से विकसित भारत' का करेंगी उद्घाटन

# 'शी बिल्ड भारत' के माध्यम से चल रहा अभियान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में 'नारी शक्ति से विकसित भारत' विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर का सम्मेलन आयोजित करने जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु इस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगी। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारी और विशिष्ट अतिथि शामिल होंगे। इस अवसर पर हैश टैग शी बिल्ड भारत के माध्यम से एक व्यापक अभियान भी चलाया जा रहा है।

**महिला एवं बाल विकास मंत्रालय विज्ञान भवन में होगा आयोजन**

**अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे**

**सशस्त्र, अर्धसैनिक बल और अधिकारी-कर्मचारी होंगे शामिल**



महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इस कार्यक्रम में सशस्त्र बलों और अर्धसैनिक बलों तथा दिल्ली पुलिस की महिला अधिकारियों के साथ-साथ 'मेरा युवा भारत' के स्वयंसेवक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूह की सदस्य आदि भाग लेंगी। इसके अतिरिक्त, विभिन्न मंत्रालयों/विभागों की महिला अधिकारियों को भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम में विश्व बैंक, यूनिसेफ, यूएन महिला, यूएनडीपी, यूएनएफपीए जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**उच्चस्तरीय पैनल 3 तकनीकी सत्र आयोजित करेगा :** दिनभर उच्चस्तरीय पैनल चर्चा कार्यक्रम जारी रहेगा। 3 तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिनमें एसटीईएम, व्यवसाय, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता एक साथ मंच पर मौजूद रहेंगी। अग्रणी और प्रखर व्यक्तित्व-अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की 50वीं वर्षगांठ पर अतीत को झांकना और आगे बढ़ना इस सत्र में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, व्यापार, खेल, मीडिया और शासन से जुड़ी प्रतिष्ठित महिला नेता अपने अनुभव साझा करेंगी।

### संसद सत्र में हम दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएंगे : ओ' ब्रायन

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सोमवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में एक ही संख्या वाले दो मतदाता पहचान पत्रों का मुद्दा उठाएगी। डेरेक ओ'ब्रायन ने यह बात कही। उन्होंने संसद में असहमति की आवाज को दबाने का भी आरोप लगाया।ब्रायन ने एक ब्लॉग पोस्ट में कहा कि कई विपक्षी दलों ने गृह मंत्रालय से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करने की इच्छा जताई है। उन्होंने कहा कि संसद के बजट सत्र का दूसरा हिस्सा कुछ दिनों (10 मार्च) में शुरू हो रहा है। सत्र के पहले भाग में पिछले महीने काफी समस्याएं हुईं। इसमें कानून बनाने में सुस्ती, प्रक्रियाओं की अनदेखी और संस्थागत मानदंडों का कमजोर होना शामिल था। इस प्रवृत्ति को लेकर हर नागरिक के लिए चिंतित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक संख्या के दो मतदाता पहचान पत्र का मुद्दा संसद के पटल पर रखा जाएगा।

## दूरसंचार की चेतावनी

# सिम का दुरुपयोग किया तो जेल, 50 लाख का जुर्माना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में हाल ही में साइबर धोखाधड़ी के मामलों में तेजी से वृद्धि देखी गई है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग को लेकर चिंता व्यक्त की है और इस प्रकार की आपराधिक गतिविधियों को रोकने के लिए कई पहल शुरू की हैं। धोखेबाज विभिन्न तरीकों का उपयोग कर इन संसाधनों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। अक्सर अपराधी धोखे या पहचान छिपाकर सिम कार्ड और एसएमएस हेडर जैसी टेलीकॉम पहचान प्राप्त कर रहे हैं और इसके माध्यम से जनता को बड़े पैमाने पर फर्जी संदेश भेज रहे हैं।

### दूरसंचार विभाग का अलर्ट

- विभाग ने इन अवैध गतिविधियों को गंभीर उल्लंघन बताया है।
- टेलीकॉम पहचान छेड़छाड़ करना प्रतिबंधित है।
- किसी भी व्यक्ति को धोखाधड़ी से सिम कार्ड या दूरसंचार पहचान प्राप्त करने की मनाही है।
- यह अपराध गंभीर और गैर-जमानती (नॉन-बेलेबल) माना गया है, जिसे दंडनीय बनाया गया है।
- अपराधियों को 3साल तक की कैद, 50 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं।
- जो लोग इन अपराधों में सहायता करते हैं, उन पर भी समान दंड लागू होगा।

## खबर संक्षेप

### केंद्रीय विद्यालय में एडमिशन आज से




**नई दिल्ली।** केंद्रीय विद्यालयों में नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश को लेकर विद्यालय संगठन ने अधिसूचना जारी की है। पहली कक्षा, बालवाटिका एक व तीन में प्रवेश के लिए आज यानी सात मार्च से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। अंतिम तारीख 21 मार्च होगी। कक्षा एक में प्रवेश की उम्र छह वर्ष और बालवाटिका एक में प्रवेश की उम्र तीन से चार वर्ष की होगी। जबकि बालवाटिका दो में चार से पांच वर्ष की और बालवाटिका तीन में प्रवेश की उम्र पांच से छह वर्ष की होगी।

### रूस ने दागी बैलिस्टिक मिसाइल, 4 की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के गृहनगर में बुधवार रात को एक होटल को निशाना बनाते हुए। मिसाइल से



हमला किया, इस हमले में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई है। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 112 शाहिद और दो बैलिस्टिक इस्कंडर मिसाइलें दागीं। जिसके इलाके में भारी नुकसान हुआ है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मध्य यूक्रेन के क्रीवी रीह में स्थित होटल पर हुए हमले से ठीक पहले यूक्रेनी, अमेरिकी और ब्रिटिश नागरिकों सहित एक मानवीय संगठन के स्वयंसेवक अंदर घुसे थे।

### अमेरिका में तेलंगाना के छात्र प्रवीण की हत्या

**शिकागो।** तेलंगाना से अमेरिका के विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि में पढ़ाई कर रहे 26 वर्षीय भारतीय छात्र जी.



प्रवीण की हत्या के बाद विदेश मंत्रालय हरकत में हैं। शिकागो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने दुख व्यक्त किया है। दूतावास ने कहा कि वे छात्र के परिवार के संपर्क में हैं और विवि भी उनकी हरसंभव मदद कर रहा है। एक्स पर पोस्ट में दूतावास ने लिखा कि हम विस्कॉन्सिन-मिल्वौकी विवि के स्नातकोत्तर छात्र जी प्रवीण की असामायिक मौत से दुखी हैं। दूतावास प्रवीण के परिवार के संपर्क में है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

### 19 मार्च को लौट रहे सुनीता और विल्मोर

**वॉशिंगटन।** नासा की एस्ट्रोनॉट और भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अब धरती पर लौटने वाली हैं। उनके



साथ अंतरिक्ष के साथी विल्मोर बुच भी वापस आएंगे। सुनीता और विल्मोर नौ महीने तक अंतरिक्ष में 'फंसे' हुए थे। अब 19 मार्च को नासा दोनों को पृथ्वी पर लाने जा रहा है। इस मिशन में स्पेस एजेंसी का साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स दे रही है। उसी के स्पेसक्राफ्ट से वापसी होने जा रही है। सुनीता ने कहा कि यहां रहने से हमें एक अनूठा दृष्टिकोण मिलता है, न केवल खिड़की से बाहर देखने से, बल्कि समस्याओं को हल करने के तरीके से भी।

### विमान ने गिराए अपने ही देश में बम, 2 लोग गंभीर

**सियोल।** दक्षिण कोरियाई लड़ाकू विमान ने गुरुवार को प्रशिक्षण के दौरान गलती से रहवासी इलाके में एक के बाद एक आठ बम गिराए। इस दौरान 15 लोग घायल हो गए, जिनमें से 2 की हालत गंभीर है। वायु सेना ने एक बयान के मुताबिक, केएफ-16 लड़ाकू विमान की ओर से छोड़े गए एमके-82 बम असामान्य रूप से फायरिंग रेंज के बाहर गिरे, जिससे नागरिकों को क्षति हुई। वायु सेना ने कहा कि दुर्घटना क्यों हुई? इसकी जांच करने और नागरिकों को हुए नुकसान की जांच करने के लिए एक समिति गठित की जाएगी।

---

चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही

# भारत की 'पहली' हाइड्रोजन ट्रेन 31 मार्च तक पटरियों पर दौड़ेगी, यह दुनिया की सबसे लंबी ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे, टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम उठाने के लिए तैयार है। जी हां, 31 मार्च तक देश की पहली हाइड्रोजन-ईंधन वाली ट्रेन शुरू करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस ईको-फ्रेंडली इनोवेशन भारत भी जर्मनी, फ्रांस, चीन और यूनाइटेड किंगडम जैसे देशों के साथ ग्रीन मोबिलिटी में सबसे आगे देशों में शामिल हो जाएगा। रेल मंत्रालय ने क्लीन एनर्जी ट्रांसपोर्टेशन के लिए भारत के व्यापक दृष्टिकोण के हिस्से के रूप में 35 हाइड्रोजन ईंधन सेल-बेस्ड ट्रेनों का एक बेड़ा विकसित करने के लिए 2023-24 में 2,800 करोड़ रुपए आवंटित किए थे।

अलग खबर




### यह एक अत्याधुनिक परियोजना

*वैष्णव ने कहा कि भारतीय रेलवे ने डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डेमू) रैक पर हाइड्रोजन ईंधन सेल के रेट्रोफिटमेंट द्वारा पायलट आधार पर पहली हाइड्रोजन ट्रेन के डेवलपमेंट के लिए एक अत्याधुनिक परियोजना शुरू की है। यह मौजूदा वक्त में दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन होगी। यह दुनिया की सबसे ज्यादा पावर वाली हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी।*

### नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी

*रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस बात पर जोर डाला है कि इन ट्रेनों के लिए स्पेसिफिकेशन्स को रिसर्च डिजाइन एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा विकसित किया गया था ताकि यह यह सुनिश्चित किया जा सके कि यह तकनीक पूरी तरह से भारत में निर्मित है। चेन्नई स्थित इंटरगल कोच फैक्ट्री में फिलहाल यह ट्रेन बनाई जा रही है। और एक बार निर्मार्ण पूरा होने के बाद यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर करीब 89 किमी की दूरी कवर करते हुए नॉर्दर्न रेलवे के दिल्ली डिवीजन द्वारा चलाई जाएगी।*

---

ट्रंप को आंख दिखाने का अंजाम!

## जेलेंस्की का तख्तापलट तय! यूक्रेन के विपक्षी नेताओं संग यूएस की बैठक



एजेंसी ▶▶ कीव

व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में डोनाल्ड ट्रंप को आंख दिखाने वाले यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमीर जेलेंस्की का कभी भी तख्तापलट हो सकता है। ओवल ऑफिस में हुई बहस के करीब एक हफ्ते के बाद डोनाल्ड ट्रंप की टीम के कम से कम चार अधिकारियों ने यूक्रेन के विपक्षी नेताओं के साथ बात की है। इस बातचीत में रूस के साथ संबंध को सुधारने पर बातचीत की गई है। एक मीडिया रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि ट्रंप टीम के वरिष्ठ अधिकारियों ने यूक्रेनी विपक्षी नेता यूलिया टिमोशेंको से बात की है। टिमोशेंको देश की पूर्व पीएम रह चुकी हैं और पेट्रो पोरोशेंको की पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं, जिसमें पहले जेलेंस्की भी थे। ये बातचीत यूक्रेन में तेजी से राष्ट्रपति चुनाव करवाने के इर्द-गिर्द घूमती रही। बता दें, फिलहाल यूक्रेन में मार्शल लॉ लगा हुआ है और मौजूदा हालातों में चुनाव नहीं हो सकते हैं। आलोचकों का कहना है कि अगर युद्ध के हालात में यूक्रेन में चुनाव करवाए जाते हैं तो राजनीतिक अव्यवस्था का निर्माण हो सकता है और इससे रूस को ही फायदा होगा।

### चुनाव करवाना चाहते हैं ट्रंप

*डोनाल्ड ट्रंप चुनाव करवाने में हो रही देरी की बार बार आलोचना कर चुके हैं। पिछले साल राष्ट्रपति जेलेंस्की का शासनकाल खत्म हो गया था और उसके बाद से ही रूस लगातार उन्हें यूक्रेन का 'अवैध नेता' कहता आया है। लेकिन इस हकीकत से इनकार नहीं किया जा सकता है कि देश का बड़ा हिस्सा अभी भी युद्ध में फंसा हुआ है, देश की एक बड़ी आबादी विस्थापित हो चुकी है, लाखों लोगों को देश से बाहर शरणार्थी के तौर पर रहना पड़ रहा है, लिहाजा क्या ऐसे हालात में निष्पक्ष चुनाव हो पाएंगे? अगर आनन फानन में चुनाव करवाए भी जाते हैं तो जो लोग विस्थापित बनकर देश से बाहर हैं क्या वो वोट डाल पाएंगे? अमेरिका की वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक ने उन दावों को खारिज कर दिया।*

### यूएस से सहमत नेताओं की तलाश जारी

हालांकि विपक्षी नेता टिमोशेंको और पोरोशेंको, दोनों ने सार्वजनिक रूप से जेलेंस्की की इस बात से सहमति जताई है कि युद्ध के समय में चुनाव नहीं होने चाहिए। फिर भी पोरोशेंको ने ट्रंप की टीम से मुलाकात की है और ट्रंप की टीम यूक्रेन में ऐसे नेताओं को खोजने का काम कर रही है, जिसके साथ काम करना उनके लिए आसान हो। एक रिपब्लिकन नेता ने कहा है कि ऐसे नेताओं की तलाश चल रही है, जो युद्ध में शांति के लिए उन बातों पर सहमत हों जिनपर जेलेंस्की सहमत नहीं हैं।

---

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने की पाकिस्तानी पत्रकार की बोलती बंद

# कहा-पीओके के भारत में शामिल होने के बाद आएगी कश्मीर में स्थायी शांति

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ब्रिटेन की सरकार के समक्ष घटना पर कड़ा विरोध जताते हुए राजनयिक दायित्वों को पूरा करने की जताई उम्मीद

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर के ब्रिटेन दौरे में बीते बुधवार को दो अप्रत्याशित घटनाएं देखने को मिलीं। लेकिन दोनों में भारत अपनी राजनयिक परिपक्वता के चलते वाहवाही लूट ले गया। घटनाओं का संबंध ब्रिटेन के थिंक टैंक चैथम हाउस में आयोजित 'भारत का उदय और विश्व में भूमिका' नामक एक संवाद सत्र से जुड़ा हुआ है। जिसमें भाग लेने के बाद बाहर निकलते वक्त वहां प्रदर्शन कर रहे खालिस्तानी उपद्रवियों के समूह में से एक उपद्रवी ने निकलकर विदेश मंत्री की कार के ठीक सामने आकर राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया। इसपर भारत ने गुरुवार को ब्रिटेन के समक्ष बेहद कड़े अंदाज में अपना विरोध जताया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने विदेश मंत्री की ब्रिटेन यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा भंग होने से जुड़ी हुई फुटेज देखी है। हम खालिस्तानी चरमपंथियों के एक छोटे से समूह की इन उकसाने वाली गतिविधियों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस दुरुपयोग की निंदा करते हैं। साथ ही भारत ऐसे मामलों में ब्रिटेन की सरकार से यह उम्मीद करता है कि वह अपने राजनयिक दायित्वों का पूरी तरह से पालन करेगी। वहीं, कार्यक्रम में एक पाकिस्तानी पत्रकार द्वारा कश्मीर को लेकर विदेश मंत्री से पूछे गए सवाल का

ब्रिटेन में जयशंकर के सुरक्षा घेरे में खालिस्तानियों की सेंधमारी पर भारत की दो टूक



### राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का पहला मामला नहीं

ब्रिटेन में खालिस्तानियों द्वारा भारत के राष्ट्रीय ध्वज के अपमान का यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी वह कई मौकों पर ऐसा कर चुके हैं। जिसका भारत सरकार द्वारा सख्त लहजे में ब्रिटेन के समक्ष विरोध जताया गया है। पिछली घटना 2023 की है, जब लंदन में भारतीय दूतावास के बाहर प्रदर्शन कर रहे खालिस्तानियों ने दूतावास परिसर में घुसकर न केवल राजनयिक परिसर को नुकसान पहुंचाया। बल्कि इमारत के ऊपर लगे हुए भारत के राष्ट्रीय ध्वज को उतारने की नाकाम कोशिश भी की थी।

#### प्रदर्शन के बीच सुरक्षित निकल गए जयशंकर

जयशंकर के कार्यक्रम के दौरान चैथम हाउस के बाहर मौजूद खालिस्तानियों का एक छोटा समूह भारत के खिलाफ आपत्तिजनक नारेबाजी के साथ प्रदर्शन कर रहा था। कार्यक्रम खत्म होने के बाद जैसे ही विदेश मंत्री अपनी कार में बैठे कि तभी एक खालिस्तानी ने उनकी गाड़ी के सामने आकर भारत के राष्ट्रीय ध्वज को फाड़ दिया। इतने में पास ही खड़े पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़कर विदेश मंत्री की गाड़ी के सामने से हटाया।

डॉ. जयशंकर ने साफ शब्दों में जवाब देते हुए कहा कि भारत द्वारा उठाए गए कई कदमों के बाद कश्मीर समस्या का समाधान होना शुरू हो गया है। लेकिन पाकिस्तान द्वारा चुराए गए पीओके के भारत में शामिल होने के बाद कश्मीर समस्या का पूरी तरह से हल निकल जाएगा।

### धारा-370 का हटना पहला प्रमुख कदम

पाकिस्तानी पत्रकार ने कश्मीर पर विदेश मंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि मैं बतौर एक लेखक, पत्रकार के तौर पर इस मामले पर प्रश्न पूछकर आपको नर्वस करना चाहता हूं। भारत ने कश्मीर पर अवैध कब्जा कर रखा है, जिसे लेकर पाक विरोध कर रहा है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दुनिया में शांति लाने की बात कहते हैं तो क्या भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ट्रंप के साथ अपनी दोस्ती का इस्तेमाल कर कश्मीर मुद्दे को सुलझा सकते हैं? इस पर जयशंकर ने पलटवार करते हुए कहा, भारत द्वारा उठाए गए कई कदमों की वजह से कश्मीर समस्या काफी हद तक सुलझा ली गई है। लेकिन जैसे ही पाकिस्तान द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया हुआ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) भारत में वापस शामिल हो जाएगा, कश्मीर में पूरी तरह से स्थायी शांति के साथ यह समस्या भी सुलझ जाएगी। उन्होंने कश्मीर समस्या के हल के लिए भारत द्वारा हटाई गई धारा-370 को पहला प्रमुख कदम बताया। साथ ही कहा इसके बाद विकास व आर्थिक गतिविधि के साथ सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिला। फिर राज्य में हुए चुनावों में बेहतर मतदान प्रतिशत के साथ बढ़ी हुई जनभागीदारी देखने को मिली। सत्र में जयशंकर ने अमेरिकी राष्ट्रपति की बहुध्रुवीयता की नीति और क्वाड समूह की भी प्रशंसा की।

---

श्री वन फोर कैपिटल की रिपोर्ट से जगी उम्मीद

## डीप-टेक इनोवेशन से भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मिलेगी मदद

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर तेजी से अग्रसर हो रहा है। इसके साथ ही देश सॉफ्टवेयर-लेड टेक्नोलॉजी इकोसिस्टम से डीप-टेक इनोवेशन द्वारा संचालित इकोसिस्टम-स्ट्रक्चरल बदलाव के दौर से भी गुजर रहा है। गुरुवार को आई श्री वन फोर कैपिटल की एक रिपोर्ट के अनुसार, सरकार समर्थित पहल जैसे 10,000 करोड़ रुपए के 'फंड ऑफ फंड्स', भारत के सेमीकंडक्टर मिशन और नेशनल डीप टेक स्टार्टअप पॉलिसी फ्रंटियर टेक इनोवेशन बढ़ावा देने के लिए कमिटमेंट को दर्शाती हैं।

### कौशल निर्माण और तकनीकी से विकास सुनिश्चित



श्री वन फोर कैपिटल के संस्थापक भागीदार और मुख्य निवेश अधिकारी प्रणव पई ने कहा कि भारत का डीप-टेक सेक्टर निवेश के लिए तैयार, नीति-समर्थित और वैश्विक रूप से प्रासंगिक अवसर के रूप में परिपक्व हो रहा है। जबकि नींव मजबूत है, डीप-टेक इनोवेशन को व्यावसायिक रूप से सफल, वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी व्यवसायों में बदलने के लिए निरंतर पूंजी, इकोसिस्टम सहयोग और धैर्यपूर्वक निष्पादन की जरूरत होगी।

### 2030 तक 70 प्रतिशत कमर्शियल व्हीकल

*पई ने कहा कि भारत एक निर्णायक चरण में है, एक ऐसा चरण जहां अनुशासित इनोवेशन और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता अगले दशक में एआई, सेमीकंडक्टर और क्लीन मोबिलिटी में इसकी लीडरशिप को परिभाषित करेगी। भारत में 2030 तक 70 प्रतिशत नए कमर्शियल व्हीकल 'ईवी' होने का अनुमान है, ऐसे में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर और बैटरी दक्षता को बढ़ाने की मुख्य चुनौतियां बनी हुई हैं।*

---

आतंकी राणा की यूएस कोर्ट में अपील

## प्रत्यर्पण पर की रोक लगाने की मांग कहा- भारत में प्रताड़ित किया जाएगा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

2008 मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने एक बार फिर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की है। राणा ने अपनी अपील में भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग की है। राणा ने कहा है कि उसे भारत में प्रताड़ित किया जा सकता है।

क्योंकि वह पाकिस्तान मूल का है। हाल ही में पीएम मोदी के अमेरिका दौरे के दौरान ट्रंप प्रशासन ने तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण की आखिरी मंजूरी दे दी थी।

### राणा मुंबई हमले के दोषी डेविड हेडली का दोस्त

मुंबई हमले का दोषी डेविड हेडली, तहव्वुर राणा का दोस्त था। दावा है कि तहव्वुर राणा ने ही डेविड हेडली को



अपराध की दुनिया में धकेला। हेडली ने ही 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के लिए रेकी की। हेडली को बाद में अमेरिका से गिरफ्तार किया गया था। हेडली से पूछताछ में ही तहव्वुर राणा की मुंबई हमले में संलिप्तता का खुलासा हुआ था।

---



## 'एमएससीएन' जादुई नेट करेगा दुश्मन के रडार से लड़ाकू विमानों और तोप की रक्षा

कविता जोशी ▶▶ नई दिल्ली

तेजी से बदलते तकनीक के दौर में जहां भविष्य की लड़ाइयां बेहद जटिल होती जा रही हैं। दुश्मन की नजर से अपने अस्त्र-शस्त्रों को छिपाकर महफूज रखना बेहद मुश्किल हो गया है। उस वक्त पर रक्षा मंत्रालय के कानपुर स्थित उपक्रम ट्रूप कम्फर्टस लिमिटेड (टीसीएल) ने 'मल्टी स्पेक्ट्रल कैमोफ्लॉज नेट' (एमएससीएन) नामक एक ऐसा महत्वपूर्ण अनुसंधान किया है। जो किसी जादू से कम नहीं है। क्योंकि इसका प्रयोग करने के बाद लड़ाकू विमान, तोप जैसे बड़े हथियारों से लेकर सैनिकों की वास्तविक ग्राउंड पोजीशन दुश्मन के रडार की पकड़ से बाहर हो जाती है। साथ ही यह उसे हमेशा एक भ्रम की स्थिति में रखता है। रक्षा मंत्रालय के उच्च-पदस्थ सूत्रों ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि टीसीएल आयुध फैक्ट्री हजरतपुर की एक यूनिट है। जो सेनाओं के लिए वर्दी व अन्य जरूरी कपड़े जैसे उत्पाद बनाती है। हालिया किए गए प्रोडक्ट लाइन के विकास के बाद टीसीएल में कई नई चीजों को शामिल किया गया है। इसी के तहत यह उत्पाद विकसित किया गया है।

### रामबाण बनी स्टेल्थ तकनीक

सूत्रों ने बताया कि एमएससीएन मूलरूप से एक कपड़े का नेट है, जिसमें स्टेल्थ तकनीक की प्रधानता है। इसका प्रयोग देश के अलग-अलग भागों में मौजूद सशस्त्र सेनाओं (सेना, वायुसेना) के मारक हथियारों और अन्य जरूरी आयुधों को ढकने के लिए किया जाएगा। नेट की खास बात यह है कि इसके जरिए दुश्मन के रडार या अन्य खोजी उपकरणों से आने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक स्पेक्ट्रम, विजिबल लाइट, इंफ्रा रेड और नॉन इंफ्रा रेड लाइट सैन्य हथियार तक नहीं पहुंचती है। ये पहले ही उसे रोक देता है। जिससे यह पता लगाना मुश्किल हो जाता है कि अमुक स्थान पर मौजूद वस्तु वास्तव में क्या है? इस कपड़े को युद्ध, सैन्य अभियान में सैन्यकर्मियों द्वारा भी अपनी पहचान छिपाने के लिए प्रयोग किया जा सकता है।

---

शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज ने दिया औरंगजेब को लेकर बड़ा बयान

# इतना आतंकी होता तो हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

छावा मूवी के बाद औरंगजेब को लेकर शुरू हुई सियासत खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। अह इस मसले पर दिवंगत शायर मुनव्वर राणा के बेटे तबरेज ने भी बयान दिया है। तबरेज राणा ने कहा कि अगर औरंगजेब आतंकी होता तो 48 साल के उसके राज के बाद हिंदुओं का नाम-ओ-निशान मिट गया होता। अगर मुनव्वर राणा खराब हो सकते हैं तो ये लोग तो बहुत बुरे हैं।

### 10 साल में ही कई जगह बुलडोजर चल गया

#### 48 साल की हुकूमत में क्या मंदिर बचते?

तबरेज राणा ने औरंगजेब से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए कहा कि 48 साल हुकूमत की है औरंगजेब ने, 48 साल अगर वो हमारे हिंदू भाइयों का कत्लेआम करता तो कितने करता? कितने रह जाते हमारे हिंदू भाई? अगर वो हमारे मंदिर शहीद करता तो क्या हमारे मंदिर बचते 48 साल में? उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ का नाम लिए बगैर कहा कि यहां दस साल की हुकूमत में ही कितनी जगह बुलडोजर चल गया, औरंगजेब को तो 48 साल का वक्त मिला था, तब न आप थे, न सोशल मीडिया थी।

### कुछ अच्छा किया होता तो अतीत में नहीं जाते

#### मुगल से नफरत, लेकिन मुगलई पसंद

सपा विधायक अबु आजमी से जुड़े सवाल पर तबरेज ने कहा कि जब मेरे वालिद मुनव्वर राणा खराब हो सकते थेतो उनकी क्या गलती थी? वे 'गोडसे' के दौर में 'गांधीगिरी' कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ऐसे विवाद तब होते हैं जब हमारे पास दिखाने के लिए कुछ नया नहीं होता। अगर हमने कुछ नया, कुछ अच्छा किया होता तो हम अतीत में नहीं जातेआप मुगल से नफरत करते हैं लेकिन मुगलई को पसंद करते हैं।

### औरंगजेब में भी गुण थेः विधायक पल्लवी पटेल

*यूपी के सिराथू से विधायक और अपना दल कमेरावादी नेता पल्लवी पटेल ने भी बुधवार को औरंगजेब पर टिप्पणी करते हुए उसकी तारीफ कर दी थी। औरंगजेब पर बयान देते हुए पल्लवी पटेल ने कहा कि हर शासक में कुछ गुण अवगुण होते हैं, औरंगजेब में भी गुण था। सपा विधायक ने कहा कि मैं हर शासक का समर्थन करती हूं। हर शासक में पॉजिटिविटी होती है।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25